yashbharat.co.in

हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें

# यश भारत

नये जमाने के साथ..

● वर्ष- 17 अंक 157- ● जबलपुर ● शनिवार, 8 जुलाई, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● प्रथम श्रावण मास कृष्ण पक्ष 4 ● विक्रम संवत् 2080 शके 1935

### आज का मौसम

आज सुबह का तापमान

26 डिग्री

दोपहर 12 बजे तक

28 डिग्री

बारिश के आसार

### मेक्सिको में तेल प्लेटफार्म में आग लगने छह लोग घायल

मेक्सिको सिटी, एजेंसी। मेक्सिको की खाड़ी में कैम्पेचे साउंड में स्थित राज्य के स्वामित्व वाली पेट्रोलियोस मैक्सिकनोस (पेमेक्स) के एक अपतटीय प्लेटफॉर्म पर आग लगने से कम से कम छह लोग घायल हो गए। पेमेक्स ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 0525 बजे, फ्नोहोच-ए लिंक प्लेटफॉर्म और बाद में कंप्रेशन प्लेटफॉर्म में आग लग गई, इसलिए आपातकालीन शटडाउन प्रणाली सक्रिय हो गई और आग पर काबू पाने के लिए चार जहाजों को भेजा गया।

## » न्यूज गैलरी

### प्यार के लिए भारत आई पाकिस्तानी महिला को कोर्ट ने दी जमानत

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

'प्यार के लिए' अवैध रूप से बॉर्डर पार करके भारत आई पाकिस्तानी महिला सीमा गुलाम हैदर और उसके भारतीय प्रेमी सचिन मीणा को शुक्रवार को ग्रेटर नोएडा की एक अदालत ने जमानत दे दी। बता दें कि पाकिस्तानी महिला सीमा गुलाम हैदर के भारत में अवैध रूप से रहने को लेकर उसे और सचिन मीणा, दोनों को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। 30 साल की सीमा और 25 साल के उसके प्रेमी सचिन मीणा को 4 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। सीमा पर भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने और सचिन पर अवैध अप्रवासी को शरण देने को लेकर मामला दर्ज किया गया है।

### शादी का वादा कर सहमति से शारीरिक संबंध बनाना रेप नहीं

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

उड़ीसा हाईकोर्ट ने रेप के मामले में ऐतिहासिल फैसला सुनाया है. हाईकोर्ट ने कहा कि किसी भी रिश्ते की शुरुआत दोस्ती से होती है और यह रिश्ता धीरे-धीरे आगे बढ़ जाता है. पुरुष, लड़की से शादी का वादा करता है और वह सहमति से शारीरिक संबंध बना लेता है. अगर इसके बाद रिश्ते में खटास आ जाती है तो आरोपी के खिलाफ रेप संबंधी आपराधिक कानून का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है. यानी शादी का वादा कर सहमति से शारीरिक संबंध बनाना रेप नहीं माना जाएगा. यह फैसला जस्टिस आरके पटनायक की पीठ ने 3 जुलाई सुनाया. अदालत ने कहा कि अगर किसी रिश्ते में खटास आ जाती है और कोई व्यक्ति अपने साथी से शादी नहीं करने का फैसला करता है, तो पहले हुई शारीरिक संबंध को बलात्कार नहीं माना जाना चाहिए.

### चीन ने अमेरिका के साथ युद्ध का किया सिमुलेशन, PLA पर भारी पड़ी अमेरिकी नौसेना

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

चीन ने अमेरिका के साथ समुद्र में एक पूर्ण युद्ध का सिमुलेशन किया है। कंप्यूटर के जरिए जब किसी परिणाम को निकाला जाए तो वह सिमुलेशन कहलाता है। इस सिमुलेशन में अमेरिका जैसे तकनीकी रूप से उन्नत दुश्मक के साथ उच्च तीव्रता वाले संघर्ष में चीनी सेना के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में बताया गया। पीएलए की यूनिट 91404 के शोधकर्ताओं ने यह सिमुलेशन किया। यह सिमुलेशन चीन के लेटेस्ट नौसैनिक हथियारों के प्रदर्शन के परीक्षण और मूल्यांकन पर केंद्रित था। इस सिमुलेशन को जेड डे के नाम से जाना जाता है। इससे जुड़ा शोध चीन के जर्नल ऑफ शिप रिसर्च में प्रकाशित किया गया। इस सिमुलेशन में चीनी नौसेना एक काल्पनिक ब्लू अलायंस के चौतरफा हमले को झेल रही होती है, जिसमें बर्क क्लास के विध्वंसक भी शामिल थे। चीनी नौसेना के लगभग 50 विध्वंसक थे, जिसमें से हर एक पर अलग-अलग दिशाओं से 11 मिसाइलों से हमले हुए और तीन से ज्यादा टॉरपीडो दागे गए।

# 7 हत्याएं



# बैलेट पेपर की लूट और आगजनी

## पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव में वोटिंग के बीच गुंडागर्दी

■ नई दिल्ली, एजेंसी।

पश्चिम बंगाल में शनिवार यानी आज 8 जुलाई को पंचायत चुनाव के लिए मतदान हो रहा है. शुक्रवार रात से शनिवार सुबह तक हिंसा में अब तक 7 लोगों की मौत हुई है. मरने वालों में 5 टीएमसी और एक बीजेपी वर्कर ,एक सीपीएम कार्यकर्ता है। कई लोग घायल भी हुए हैं. पोलिंग बूथ पर आगजनी और बैलेट पेपर लूटने की भी खबरें हैं. राज्य मे पंचायत चुनाव की घोषणा 8 जून को हुई थी. तब से लेकर 7 जुलाई तक राज्य में कई हिंसक झड़पें हुई. इसमें 18 लोगों की मौत हो चुकी है. सुरक्षा के लिहाज से पूरे प्रदेश में 1.35 लाख जवानों को तैनात किया गया है। राज्य चुनाव आयोग के मुताबिक 22 जिलों की 63,229 ग्राम पंचायत सीटों, पंचायत समिति की 9,730 सीटों और जिला परिषद की 928 सीटों पर चुनाव प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं. इसमें बंगाल के 5,67,21,234 (5.7 करोड़) वोटर्स कैंडिडेट की किस्मत का फैसला करेंगे. जबकि चुनाव के नतीजे 11 जुलाई को आएंगे. बता दें कि 2024 में होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव से पहले होने वाले इन पंचायत चुनावों को लिटमस टेस्ट के रूप में देखा जा रहा है।



### उम्मीदवारों में झड़प और हमला

झाड़ग्राम जिले के नादाबोहरा- औलीगेरिया में उम्मीदवार श्यामली सबर ने आरोप लगाया है कि उन्हें सीपीआईएम उम्मीदवार चंपा सबर ने धमकी दी है. वहीं, उत्तर 24 परगना जिले के बरुनहाट रामेश्वरपुर में कांग्रेस उम्मीदवार अब्दुल रउफ गाजी ने एआईटीसी कार्यकर्ताओं पर हमला किया है।

### ISF और टीएमसी वर्कर्स में झड़प, गोलीबारी

राजनीतिक दल ISF और TMC के बीच विवाद हो गया है. मामला दक्षिण 24 परगना जिले के भांगर का है. हमलावरों ने आईएसएफ समर्थकों को निशाना बनाकर गोलियां चलाईं और बम फेंके. सड़क किनारे जिंदा देसी बम और गोलियां पड़ी हुई हैं. गोली लगने से 4 लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### कैंप लगाए बैठे टीएमसी वर्कर्स की पिटाई

दक्षिण 24 परगना जिले में सड़क किनारे टीएमसी का बैनर लगाकर बैठे कार्यकर्ताओं पुलिस ने पिटाई की है. कैनिंग एसडीपीओ दिवाकर दास ने इन वर्कर्स पर लाठी चार्ज किया है।

### सीताई में पोलिंग बूथ में बैलेट पेपर में आग लगाई

पश्चिम बंगाल के सीताई में एक मतदान केंद्र में तोड़फोड़ की गई है. वहां मतपत्रों में आग लगा दी गई है. घटना के बाद खासा बवाल हो गया है।

### कूचबिहार में बीजेपी वर्कर की हत्या

कूचबिहार के फोलिमारी में हिंसा भड़क उठी है. वहां बीजेपी के पोलिंग एजेंट की गोली मारकर हत्या कर दी गई है. शनिवार सुबह हमलावरों ने बीजेपी के पोलिंग एजेंट माधव विश्वास को गोली मार दी. घटना फलीमारी की है. बूथ संख्या 4/38 पर बम फेंके गए और गोलीबारी की गई है।

# राहुल गांधी ने किसानों के साथ धान की रोपाई की खेतों में ट्रैक्टर चलाया

## दिल्ली से शिमला जाते वक्त सोनीपत के मदीना गांव में रुके



■ नई दिल्ली, एजेंसी।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को हरियाणा के सोनीपत में किसानों के साथ खेतों में धान की रोपाई की। उन्होंने ट्रैक्टर चलाकर खेत की जुताई भी की। उन्होंने किसानों और मजदूरों के साथ खेती-किसानी पर बातचीत भी की। इसके बाद राहुल गांधी रवाना हो गए। राहुल ने किसानों के साथ बैठकर नाश्ता भी किया। इस दौरान ग्रामीण और कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। बरोदा से कांग्रेस विधायक इंदूराज नरवाल और गोहाना के विधायक जगबीर मलिक भी उनसे मिलने पहुंचे। नरवाल ने कहा कि उनके पास राहुल गांधी के आने की सूचना नहीं थी, लेकिन जैसे से ग्रामीणों से उनको इस बारे में पता चला तो वे मिलने आ गए। गोहाना से कांग्रेस विधायक जगबीर मलिक ने कहा कि इलाके का सौभाग्य है कि राहुल गांधी यहां पहुंचे हैं। वह यह देख रहे हैं कि एक देहात के अंदर क्या प्रोसेस है। किसान किस तरीके से जीरी लगाता है। किन कठिनाइयों में वह जी रहा है, यह सब राहुल गांधी किसानों के बीच आकर देख रहे हैं। लोगों में भी इसको लेकर उत्साह है।

### शिमला जाते समय रास्ते में रुके राहुल

दरअसल, राहुल गांधी दिल्ली से शिमला जा रहे थे। सुबह करीब 7 बजे रास्ते में उन्होंने सोनीपत के मदीना गांव में किसानों को खेतों की जुताई-रोपाई करते देखा तो अपना काफिला रुकवाया और किसानों के बीच खेत में पहुंच गए। इससे पहले 28 जून को राहुल दिल्ली के करोल बाग में एक बाइक मैकेनिक की दुकान में देखे गए थे। उन्होंने वहां मैकेनिक्स के साथ काम किया था। मई में उन्होंने अंबाला से चंडीगढ़ का 50 किमी का सफर ट्रक से तय किया था।

### किसान संजय के खेतों में पहुंचे राहुल गांधी

राहुल गांधी सोनीपत जिले के बरोदा हलके के गांव मदीना में पहुंचे। वे यहां अपने काफिले के साथ किसान संजय के खेत में गए। किसान और मजूदर उस समय धान लगा रहे थे, जिनमें महिला मजदूर भी थीं।



### ब्राज़ील में इमारत ढहने से तीन लोगों की मौत, 10 लोग लापता

■ ब्रासीलिया, ईएमएस।

ब्राजील के पर्नामबुको प्रांत की राजधानी रेसिफ़ शहर में इमारत ढहने से कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और बच्चों सहित 10 लोग लापता बताए गए। नागरिक सुरक्षा और अग्निशमन विभाग ने यह जानकारी दी है। विभाग ने बताया कि शुक्रवार दोपहर तक, पुरुष, महिला और एक किशोर मलबे में मृत पाए गए जबकि दो लोगों 65 वर्षीय महिला और 15 वर्षीय बच्चे को जीवित बचाया लिया गया। अग्निशमन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, घटना स्थानीय समयानुसार सुबह करीब छह बजे हुई, जब इमारत का एक ब्लॉक पूरी तरह से ढह गया, जबकि दूसरा आंशिक रूप से गिर गया। इमारत में भूतल और तीन अन्य मंजिलें थीं, जिनमें से प्रत्येक में चार अपार्टमेंट थे। उन्होंने बताया कि रेसिफ़ क्षेत्र गुरुवार रात से भारी बारिश हो रही है।

# मणिपुर में पुलिस कमांडो के सिर में गोली लगी, मौत

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

मणिपुर में बीते 24 घंटें में हिंसा की अलग-अलग घटनाओं में पुलिस कमांडो समेत 4 लोगों की मौत हो गई। शुक्रवार शाम को बिष्णुपुर जिले के मोइरंग तुरेल में संदिग्ध उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान पुलिस कमांडो पुखरामबम रणबीर के सिर में गोली लग गई। पहले उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, वहां से उन्हें इंफाल रेफर किया गया। इंफाल जाते समय रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। इससे पहले शुक्रवार तड़के सुबह, बिष्णुपुर और चूराचांदपुर जिलों की सीमा पर बसे गांवों में आपसी फायरिंग के दौरान 3 लोगों की मौत हो गई। इनमें एक नाबालिग लड़का भी शामिल था। दिन भर होती रही आपसी फायरिंग अधिकारियों के मुताबिक, पहाड़ी इलाकों से आई भीड़ ने घाटी में कुछ गांवों में आग लगाने की कोशिश की। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया। हालांकि, दूसरी जगहों पर दोनों समुदायों के लोगों के बीच फायरिंग चलती रही, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई।



### बिष्णुपुर के बॉर्डर पर भी हुई गोलीबारी नाबालिग समेत 3 लोगों ने जान गंवाई

### जुलाई के महीने में हो चुकी 10 मौत

मणिपुर हिंसा में जुलाई महीने में अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है। शुक्रवार को हुई 4 मौतों से पहले गुरुवार को एक महिला की हत्या कर दी गई थी। उन्हें इंफाल वेस्ट जिले में एक स्कूल के बाहर गोली मारी गई थी। इसके बाद राज्य में इंटरनेट बैन 10 जुलाई तक बढ़ा दिया गया था।4 जुलाई को एक थोउबल जिले में भीड़ ने भारतीय रिजर्व बटालियन के कैंप पर हमला कर हथियार चुराने की कोशिश की थी। इस दौरान भीड़ और सुरक्षाबलों के बीच झड़प हो गई। इस दौरान 27 साल के एक शख्स की मौत हो गई। 2 जुलाई को बिष्णुपुर-चुराचांदपुर सीमा पर दोनों समुदाय के लोग भिड़ गए थे। इसमें तीन लोगों की गोली लगने से जान चली गई। वहीं एक शख्स का सिर काट दिया गया था।

### भांजे के साथ मिलकर शव जमीन में दफनाया, 75 करोड़ की जमीन पर बिगड़ी नीयत

# रायसेन में फार्म हाउस मालिक की हत्या

■ भोपाल, यशभारत।

रायसेन थाने के हैड कॉन्स्टेबल ने अपने भांजे के साथ मिलकर फार्म हाउस मालिक की हत्या कर दी। रॉड से पीट-पीटकर हत्या के बाद शव खेत में गाड़ दिया। घटना नर्मदापुरम जिला मुख्यालय से 27 किमी दूर सेमरी खुर्द गांव की है। फार्म हाउस मालिक और पेशे से किसान प्रशांत पटेल (45) 21 जून से लापता था। 15वें दिन गुरुवार रात उसका शव उसी के खेत में मिला। आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि हत्या विदिशा में 22 एकड़ जमीन की खरीदी और रजिस्ट्री में नाम जुड़वाने को लेकर हुए विवाद में की गई। जमीन की कीमत 75 करोड़ रुपए बताई जा रही है।‹स्क्र अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि 22 जून को प्रशांत पटेल की गुमशुदगी डोलरिया थाने में दर्ज कराई गई थी। उसकी तलाश नर्मदापुरम के अलावा भोपाल, हरदा, खंडवा, बैतूल तक में की गई। प्रशांत के मोबाइल की आखिरी लोकेशन भी उसी के खेत की आई थी। 21 जून को प्रशांत के साथ मयंक तिवारी, उसके मामा चेतन पाठक (हैड कॉन्स्टेबल) और पाठक के एक दोस्त को देखा गया था। पुलिस को मयंक और उसके मामा चेतन पर शक था। 14 दिन में दो बार दोनों से पूछताछ की। दोनों ने अलग-अलग बयान दिए। गुरुवार दोपहर सख्ती की तो दोनों टूट गए और सारी सच्चाई उगल दी।



### विदिशा के बदमाश ने सिर में रॉड मारी, फिर शव दफनाया

पुलिस को आरोपियों ने बताया कि 21 जून की शाम प्रशांत घर से अपने फार्म हाउस पर आ गया था। सेमरी खुर्द का ही उसका दोस्त मयंक तिवारी अपने मामा चेतन और संदीप कुशवाहा के साथ फार्म हाउस पहुंचा था। चेतन और संदीप विदिशा के रहने वाले हैं। चारों ने फार्म हाउस में पार्टी की। इसी बीच संदीप ने रॉड उठाकर प्रशांत के सिर पर मार दी। सिर फूटने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। गड्?ढा खोदकर शव गाड़ दिया। तीनों इसी रात भोपाल चले आए। सुबह मामा-भांजे वापस गांव लौट आए। मर्डर आरोपियों ने पूरी प्लानिंग के साथ किया था। शक होने पर दो बार मयंक और चेतन के पुलिस ने बयान भी लिए। उन्होंने गुमराह करके ध्यान भटकाने की कोशिश की। पुलिस ने गुरुवार दोपहर संदेह के आधार पर एक बार फिर मामा-भांजे को हिरासत में लेकर 3 घंटे पूछताछ की।

# देश की सबसे उम्रदराज टैक्सपेयर का निधन

## सागर के बीना की गिरिजा देवी ने 121 साल की उम्र में ली अंतिम सांस, आयकर विभाग ने किया था सम्मान

■ सागर, यशभारत।

सागर जिले के बीना की रहने वाली गिरिजा देवी तिवारी का 121 साल की उम्र में निधन हो गया। गिरिजा देवी देश की सबसे उम्रदराज टैक्सपेयर थीं। आयकर विभाग ने उनका सम्मान भी किया था। उनके पेन कार्ड में उनका जन्म वर्ष 1903 दर्ज है। इस आधार पर उनकी उम्र 121 साल है। गिरीजा देवी ने शुक्रवार को अंतिम सांस ली। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। बीना एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह ने भी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। बेटे घनश्याम तिवारी ने उन्हें मुखाग्नि दी।

### पति के निधन के बाद ले रही थीं पेंशन

गिरिजा देवी के पति सिद्धनाथ तिवारी भारत छोड़ो आंदोलन (1942) में शामिल हुए थे। 1971 में उन्होंने कांग्रेस के टिकट पर बीना से चुनाव भी लड़ा था। 1985 में उनका देहांत हो गया। गिरिजा देवी के 4 बेटों में दो का निधन हो चुका है। तीसरे बेटे घनश्याम तिवारी (75) पीडब्ल्यूडी के रिटायर्ड इंजीनियर हैं। सबसे छोटे बेटे डॉ राजेंद्र तिवारी एमबीबीएस डॉक्टर हैं।



### आयकर विभाग ने किया था सम्मानित

गिरिजा देवी अपने पति स्व. सिद्धनाथ तिवारी की स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पेंशन पा रही थी। जिसके कारण वह टैक्सपेयर भी थी।

### फरवरी में हुआ था दुनिया की सबसे उम्रदराज महिला का निधन

दुनिया की सबसे उम्रदराज महिला का फरवरी महीने में 118 साल की उम्र में निधन हो गया था। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के मुताबिक फ्रांस की नन सिस्टर आंद्रे दुनिया की सबसे ज्यादा उम्र वाली महिला थीं। उनका जन्म 11 फरवरी 1904 को हुआ था। 25 दिनों बाद वे 119 साल की हो जातीं।इससे पहले यह रिकॉर्ड जापान की काने तनाका के पास था। पिछले साल अप्रैल में काने तनाका की मृत्यु होने के बाद यह रिकॉर्ड सिस्टर आंद्रे के नाम हो गया था।

### राज्यपालों की बैठक में उठा मुद्दा

# राजस्थान में एमपी वालों का आयुष्मान से इलाज क्यों नहीं



■ भोपाल, यशभारत।

मध्य प्रदेश के मरीजों को राजस्थान में आयुष्मान कार्ड से इलाज नहीं मिलता। ऐसे में मरीजों को अस्पताल में पूरा बिल भरना पड़ता है। इसकी वजह यह है कि राजस्थान में चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत इलाज होता है। यह मुद्दा उदयपुर में आयोजित एमपी-राजस्थान सीमा विवाद को सुलझाने के लिए आयोजित बैठक में मप्र के अफसरों की तरफ से उठाया गया। यह बैठक मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल और राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्रा मौजूद रहे।मध्य प्रदेश के अफसरों ने बैठक में बताया कि राजस्थान की बार्डर के जिलों नीमच, रतलाम, मंदसौर व झाबुआ के मरीज इलाज के लिए उदयपुर व आसपास के जिलों में जाते हैं, लेकिन वहां के अस्पतालों में केंद्र सरकार के आयुष्मान कार्ड से इलाज नहीं होता है। इस कार्ड के जरिए 5 लाख रुपए तक का इलाज की सुविधा है। इसकी वजह यह है कि राजस्थान सरकार ने अपने प्रदेश में चिरंजीवी बीमा योजना लागू की है। इस पर सहमति बनी कि इस बारे में दोनों राज्यों की सरकार के स्तर पर बात की जाएगी।बैठक के दौरान सीमावर्ती गांव के बीच में समन्वय, सरकार की योजनाओं का लाभ, अपराध नियंत्रण के लिए दोनों राज्यों की पुलिस द्वारा किए जा रहे कार्य, तस्करी रोकने के लिए किए जा रहे कार्यों पर भी चर्चा की गई।

### सीएमचओ के लेटर की अनिवार्यता खत्म हो

इलाज कराने के लिए अधिकांश लोग उदयपुरा जाते हैं। एंबुलेंस से मरीज को ले जातना होता है तो पहले उदयपुर के सीएमएचओ एक लेटर देना पड़ता है।

# देश के 8 राज्यों में बाढ़ जैसे हालात : उत्तराखंड में 154 सड़कें बंद

■ नई दिल्ली, ईएमएस।

देश के आठ राज्यों में तेज बारिश के चलते बाढ़ जैसे हालात बन चुके हैं। इसमें असम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, केरल, तटवर्ती गोवा-कर्नाटक और नगालैंड के कई इलाके पानी में डूब गए। कर्नाटक में बारिश के चलते अब तक चार लोगों की जान चली गई। वहीं उत्तराखंड में 154 सड़कें बंद कर दी गई। असम के 6 जिलों में 121 गांवों के करीब 22 हजार लोग बाढ़ से प्रभावित हैं।ढ्ढरूष्ठ के मुताबिक, अगले चार से पांच दिनों तक उत्तर भारत में तेज बारिश होगी। जम्मू, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और पश्चिम उत्तर प्रदेश में 8 से 9 जुलाई तक भारी बारिश की चेतावनी है। केरल के मलप्पुरम, कोझिकोड, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। उधर, बद्रीनाथ नेशनल हाईवे पर छिनका के पास भूस्खलन होने से रास्ता बंद हो गया था। हालांकि 5 घंटे बाद शाम को इसे खोल दिया गया। दक्षिण कश्मीर में खराब मौसम के चलते लगातार दूसरे दिन अमरनाथ यात्रा रोक दी गई है। भारी बारिश के बावजूद अब तक 84 हजार 768 तीर्थयात्री बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं।

## लगातार दूसरे दिन अमरनाथ यात्रा रोकी गई



### अगले 24 घंटे कैसे रहेंगे

इन राज्यों में तेज बारिश होगी- मध्य प्रदेश, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, गुजरात, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, सिक्किम, पश्चिम बंगाल, असम, त्रिपुरा, मेघालय, मिजोरम, मणिपुर, अरूणाचल प्रदेश, नगालैंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड, महाराष्ट्र, गोवा।इन राज्यों में हल्की बारिश होगी- बिहार, तेलंगाना में बिजली चमकने के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

### इन राज्यों में मौसम साफ रहेगा

आंध्र प्रदेश के रायलसीमा, महाराष्ट्र के मराठवाड़ और गंगीय पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, झारखंड, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु में बारिश की संभावना नहीं जताई गई है।

### सड़कों पर बेतरतीब पार्किंग, फुटपाथ पर जमा अतिक्रमण

# शहर में जाम से आम जनता परेशान



**जबलपुर।** शहर में आम जनता रोज जाम से परेशान है। सड़कों पर पार्किंग, फुटपाथ पर अतिक्रमण होने से जाम की स्थिति बन रही है। दो मल्टीलेवल पार्किंग हैं लेकिन एक मल्टीलेवल पार्किंग स्मार्ट सिटी कार्यालय परिसर में होने से आम जनता के लिए उपयोग नहीं हैं। इससे शहर में पार्किंग की समस्या बनी हुई है। हालांकि दो नई मल्टीलेवल पार्किंग का प्रस्ताव लंबित है, यदि वे बन जाती हैं तो जाम से मुक्ति मिल सकती है।



**यहां लग रहा जाम**

ब्लूम चौक, होमसाइंस कॉलेज रोड, गोरखपुर, कटंगा, रानीताल रोड, कोतवाली, हनुमानताल, पेंटीनाका, जयंति टॉकीज रोड, गंजीपुरा व शहर के अन्य इलाकों में तकरीबन रोज यातायात जाम की स्थिति बन रही है।

**ये हैं जाम के कारण**

लेफ्ट टर्न पर पार्किंग
सड़क पर पार्किंग
फुटपाथ पर अतिक्रमण
सड़कों पर सब्जी मार्केट
अव्यवस्थित यातायात



**दो मल्टीलेवल पार्किंग**

शहर में अभी दो मल्टीलेवल पार्किंग हैं। एक मल्टीलेवल पार्किंग सिविक सेंटर में व दूसरी मल्टीलेवल पार्किंग स्मार्ट सिटी कार्यालय मानस भवन परिसर में है। सिविक सेंटर में 87 कारें व 40 दोपहिया वाहन पार्क करने की क्षमता है। मानस भवन परिसर में बनी मल्टीलेवल पार्किंग में 35 कारें पार्क करने की क्षमता है।

श्रीनाथ की तलैया और तिलक भूमि तलैया में मल्टीलेवल पार्किंग बनाई जाएंगी। जिससे शहर में वाहनों का जाम न लग सके। अभी शहर में दो मल्टीलेवल पार्किंग हैं।

**-जगत बहादुर सिंह अन्नू**, महापौर

सिविक सेंटर के साथ-साथ शहर के किसी भी हिस्से में वाहन पार्क करने वालों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की जा रही है। पीओएस मशीन से उन वाहन चालकों को चालान भेजे जा रहे हैं जो कहीं भी कार पार्क करके चले जाते हैं।

**-सोमा मलिक**, टीआई, यातायात

**बरसों की समस्या, आज भी जस की तस**

शहर में सड़कों पर जाम की समस्या बरसों पुरानी है लेकिन आज भी जस की तस बनी हुई है। सब्जी मार्केट के लिए हॉकर्स जोन बनाए गए हैं लेकिन वे खाली हैं यहां सब्जी मार्केट नहीं लगता बल्कि सड़कों पर सब्जी मार्केट लग रहा है। गढ़ा, गंगानगर, पोलीपाथर व अन्य इलाकों में साप्ताहिक सब्जी मार्केट सड़क पर लगने से जाम की स्थिति बन रही है। इसके बाद भी जिम्मेदारों को इसकी परवाह नहीं है। फुहारा में मुख्य बाजार होने के बाद भी वहां पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। इससे लोग सड़क पर ही वाहनों को पार्क कर रहे हैं। शहर में कई स्थानों पर फुटपाथ बनाए गए हैं जिससे पैदल चलने वालों को समस्या न हो लेकिन फुटपाथ पर व्यापारियों ने अतिक्रमण कर कब्जा करके रखा है। जिससे आम जनता को पैदल चलना मुश्किल है।

## राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता जल्द होगी बहाल

### कांग्रेसियों ने जताई उम्मीद

**जबलपुर,यशभारत।** गुजरात हाईकोर्ट द्वारा वरिष्ठ कांग्रेसी राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता 2 साल के लिए रोकने को लेकर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के कांग्रेसजनों में खासा आक्रोश है। इस पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय कांडा, राजेन्द्र चौधरी, दीपक सिंह राजपूत, सरोज कांडा, रूपलाल यादव, दलवीर सिंह जस्सल, पिंकी ठाकुर, बलविंदर मान, कमला चैहान सहित अनेकों कांग्रेसजनों ने राहुल गाँधी की सदस्यता निरस्त करने पर आक्रोश जाहिर किया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय कांडा ने बताया कि देश में सच बोलना भाजपा के शासन में अपराध हो गया है। कांग्रेसियों ने कहा है कि हमे माननीय न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है अंत में सत्य की ही जीत होगी क्योंकि सत्य प्रताड़ित हो सकता है लेकिन पराजित नहीं। विजय कांडा सहित अन्य कांग्रेसियों ने उम्मीद जताई है कि जल्द ही राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता बहाल होगी।

## आदिवासी के साथ अमानवीय कृत्य करने वाले के खिलाफ हो सख्त कार्यवाही

### मप्र अजाक्स संघ ने राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर,यशभारत।** सीधी जिले के करौंदी ग्राम के हुए आदिवासी के साथ अमानवीय कृत्य पर अजाक्स जबलपुर ने महामहिम राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री, अध्यक्ष जनजातीय आयोग के नाम से कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन को ज्ञापन सौंपा और मांग की कि आदिवासी युवक पर प्रवेश शुक्ला द्वारा कृत्य करने पर कठोर कार्यवाही की जाए ताकि किसी अन्य युवकों द्वारा ऐसी घटना भविष्य में नहीं हो सके। इसके साथ ही पीड़ित आदिवासी युवक का इलाज एम्स जैसे वी.आई.पी अस्पताल में कराया जाए और उसके पूरे परिवार को पुलिस संरक्षण दिया जाये। इस अवसर पर अजय सोनकर, राजेन्द्र तेकाम, योगेश चौधरी, राकेश समुन्दे, कोमल कोरचे, शेख लाल आर्मो डॉ सतेन्द्र ब्योहार,पवन बावरिया, दालचंद पासी,नरेश कुलस्ते, प्रहलाद डहरिया, दिनेश बागरी, राजकुमार रोसल्या, मुकेश मरकाम, जगन्नाथ साकेत,प्रविन्द्र सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## मध्यप्रदेश विद्युत मंडल अभियंता संघ की 10 जुलाई की हड़ताल स्थगित

**जबलपुर, यशभारत।** निजीकरण के खिलाफ मध्यप्रदेश विद्युत मंडल अभियंता संघ की होने वाली10 जुलाई को हड़ताल स्थगित कर दी गई है। संघ ने प्रथम चरण के बाद अब द्वितीय चरण की हड़ताल फिलहाल टाल दी है। मध्यप्रदेश शासन प्रमुख सचिव ने संघ को आश्वासन दिया है कि निजीकरण अभी रोक दिया गया है। संघ की मानें तो यदि उनकी मांगों के विषय में विचार नहीं किया गया तो आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा। विकास शुक्ला, संघ प्रमुख सचिव ने बताया कि मध्यप्रदेश विद्युत मंडल में लगातार निजीकरण किया जा रहा है। जनरेशन, ट्रांसमीशन और डिस्ट्रब्यूशन में लगातार, सरकार निजीकरण कर रही है जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिसके चलते 28 जून को हड़ताल के प्रथम चरण में एक दिन की हड़ताल की गई थी। जिसके ही दूसरे चरण में 10 जुलाई को तीन दिवसीय हड़ताल थी। जो अब स्थगित कर दी गई है। मध्यप्रदेश शासन प्रमुख सचिव ऊजा संजय दुबे ने लिखित में आश्वासन दिया है। जिनके अनुसार निजीकरण फिलहाल टाल दिया गया है। यदि शासन हमारी मांगों को नहीं मानती तो आगे हड़ताल जारी रहेगी।

# औषधीय वृक्ष रोपकर मनाया गया वन महोत्सव

### आर्मी पब्लिक स्कूल क्रमांक 2 जैक आरआरसी में विविध आयोजन

**जबलपुर,यशभारत।** आर्मी पब्लिक विद्यालय क्रमांक 2 जैक आर आर सी में वन महोत्सव आयोजित हुआ। जानें वन का मोल , वन हैं अनमोल का कथन पूरी तरह सत्य है और इसी सत्यता को स्वीकार कर भारत देश में पेड़ों को देवता माना जाता है और उन्हें पूजा जाता है। वनों के संरक्षण एवं जागरूकता का संदेश आर्मी पब्लिक विद्यालय क्रमांक 2 जैक आर आर सी में वन महोत्सव के मौके पर दिया गया।

इस मौके पर प्राचार्या शीला पांडेय के मार्गदर्शन में मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर राजेश शर्मा जैक आर आर सी चेयरमैन आर्मी पब्लिक विद्यालय क्रमांक 2 और अध्यक्ष आर आर सी उर्वशी शर्मा द्वारा वृक्षारोपण किया गया।




वन महोत्सव के दौरान आरआरसी अध्यक्ष उर्वशी शर्मा द्वारा स्कूल परिसर में तुलसी, अजवाइन, नीम, बेल, इंसुलिन और अन्य औषधियों के विभिन्न पौधे लगाए गए। विद्यालय के बच्चों ने पर्यावरणीय घटकों का प्रतिनिधित्व करते हुए विभिन्न फलों, सब्जियों, जानवरों की वेशभूषा धारण कर मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

## नौजवान लंगर कमेटी की कार्यकारिणी घोषित

**जबलपुर,यशभारत।** गढ़ा बाजार स्थित तकिया मोहल्ला में नौजवान लंगर कमेटी की मीटिंग रखी गई। जिसमें इस साल की कार्यकारिणी घोषित की गई है। कमेटी के संयोजक इम्तियाज शाह,नियाज़ मंसूरी,जमील शाह की उपस्थिति में अध्यक्ष पद पर सर्व सम्मति से शादाब मंसूरी एवं उपाध्यक्ष हासिम शाह, फैजुल मंसूरी को बनाया गया है। आसिक शाह को सचिव ,सह सचिव आदिल हुसैन को एवं कोषाध्यक्ष आसिफ खान, मुईन खान को , मीडिया प्रभारी लकी शाह को नियुक्त किया गया है।

## प्रश्नोत्तरी परीक्षा में मॉडल स्कूल विजेता

**जबलपुर,यशभारत।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों के सिलसिले में कक्षा आठवीं से कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों की जिला स्तरीय वित्तीय साक्षरता प्रश्नोत्तरीय परीक्षा में पंडित लज्जाशंकर झा उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मॉडल स्कूल के छात्र आर्यन वाजपेयी और ओम चौकसे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा इस वर्ष शासकीय स्कूलों के कक्षा आठवीं से दसवीं के विद्यार्थियों के लिए अखिल भारतीय वित्तीय साक्षरता प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक के सहायक महाप्रबंधक, भारतीय रिजर्व बैंक के एम माथुर एवं जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक विवेक कुमार ने बताया कि परीक्षा विकासखंड स्तर से राज्य स्तर तक आयोजित की जायेगी। जबलपुर जिले में विकासखंड स्तर की परीक्षा सभी विकासखंडों में एक साथ 20 जून को आयोजित की गई थी और प्रत्येक विकासखंड से शीर्ष दो टीमों का चयन जिला स्तरीय परीक्षा हेतु किया गया था। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पंडित लज्जाशंकर झा उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के दोनों विजेता छात्र 15 जुलाई को भोपाल में आयोजित की जाने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

# कलेक्टर के आदेश, बिना अनुमति नहीं हो सकेंगे किसी भी प्रकार के आयोजन

**जबलपुर, यशभारत।** जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने नागरिकों के मौलिक अधिकारों के हनन को रोकने तथा आने वाले त्यौहारों के दौरान जिले में कानून व्यवस्था बनाये रखने के मद्देनजर दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144(1) के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है तथा यह आगामी दो महीने तक प्रभावी रहेगा। जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश में कहा गया है कि समस्त प्रकार के आयोजन प्रशासनिक अधिकारियों की अनुमति प्राप्त कर ही किये जा सकेंगे। अनुमति प्राप्त नहीं होने पर अथवा बिना अनुमति के आयोजित कार्यक्रमों को अवैधानिक घोषित कर वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। प्रतिबंधात्मक आदेश में स्पष्ट किया गया है कि अनुमति प्राप्त आयोजनों में भी ऐसे नारे अथवा शब्दों का प्रयोग नहीं किया जा सकेगा, जिससे किसी भी धर्म या वर्ग की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचे। ऐसा पाये जाने की स्थिति में संबंधित त्रुटिकर्ता के साथ-साथ कार्यक्रम के आयोजकों का भी उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाकर उनके विरूद्ध भी विधिसम्मत कार्यवाही की जायेगी।

**वाहन रैली बैन**-प्रतिबंधात्मक आदेश में संपूर्ण जबलपुर जिले में दो पहिया वाहन रैली को पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। आदेश में घरेलू नौकरों एवं व्यावसायिक नौकरों की सूचना संबंधित पुलिस थाने में विहित प्रारूप में देना अनिवार्य किया गया है। इसी प्रकार यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा अपने मकान में किरायेदार रखा जाता है तो इसकी सूचना भी संबंधित पुलिस थाने में देना जरूरी होगा। पेईंग गेस्ट की सूचना भी निर्धारित प्रारूप में थाने में मकान मालिक को देना होगी। इसके बाद ही पेईंग गेस्ट को रखा जा सकेगा। होटल, लॉज एवं धर्मशाल में रूकने वाले व?यक्तियों से पहचान पत्र लेना भी प्रतिबंधात्मक आदेश में अनिवार्य किया गया है। आदेश के मुताबिक होटल लॉज और धर्मशाला मालिकों को उनके यहां रूकने वाले व्यक्तियों की सूची निर्धारित प्रारूप में प्रतिदिन संबंधित पुलिस थाने को देना होगी। आदेश में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था या पशु मालिक अपने पशु को खुले तौर पर सड़कों पर न छोड़े और न ही सड़कों पर आने दें।

# मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना से युवाओं को जोड़ने हुआ मंथन

**जबलपुर,यशभारत।** युवाओं को रोजगार से जोड़ने और उन्हें आत्म निर्भर बनने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई मुख्य मंत्री की सीखो कमाओ योजना को युवाओं तक किन किन माध्यमों से पहुंचाया जा सकता है और किस तरह से युवाओं को इस योजना का लाभ प्रदान किया जा सकता है, इस उद्देश्य को लेकर मुख्यमंत्री जन कल्याणकारी योजना प्रचार प्रसार अभियान मध्य प्रदेश के जबलपुर ज़िले की महिला प्रकोष्ठ द्वारा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा हुई। और साथ ही अत्यंत महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री



सीखो कमाओ योजना में नवयुवकों के पंजीयन पर विशेष ध्यान देने पर ज़ोर दिया गया। इस दौरान प्रदेश प्रभारी मध्यप्रदेश अनिल प्रताप सिंह, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. तनुश्री सिंह, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एन. एल. मेहरा, जबलपुर जिला अध्यक्ष नितिन चौहान, जबलपुर ज़िला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रश्मि सिंह, महिला युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्वेता दुबे के साथ साथ ज़िले की पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

# जरूरतमंदों को शिविर में मिलेगी नि:शुल्क विधिक सहायता

**जबलपुर,यशभारत।** रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर प्रीमियर, हाईकोर्ट एडवोकेटस बार एसोसिशसन एवं आईएमए जबलपुर शाखा के संयुक्त तत्वाधान में विधिक सहायता शिविर का आयोजन रविवार 9 जुलाई सुबह 10.30 बजे आईएमए हॉल राइट टाउन में किया जा रहा है। कार्यक्रम पूर्व महाधिवक्ता स्वर्गीय वाईएस धर्माधिकारी की स्मृति में होने जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जेके माहेश्वरी उपस्थित रहेंगे।

शिविर में क्लब संरक्षक एवं राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्खा द्वारा जस्टिस आरके तन्खा मेमोरियल लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश डीएम धर्माधिकारी को प्रदान किया जाएगा। उक्त जानकारी पत्रकारवार्ता में क्लब के अध्यक्ष डॉ. अमरेंद्र पांडेय ने दी है। उन्होनें इस दौरान बताया कि विधिक सहायता शिविर में 100 से ज्यादा वकील सेवाएं देंगे। जिसके लिए 40 से अधिक काउंटर बनाए जा रहे हैं। इस मौके पर रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के असिस्टेंट गवर्नर अधिवक्ता वरूण तन्खा ने बताया कि जो लोग कानूनी सहायता के लिए वकील तक नही पहुंच पाते है उन तक निःशुल्क शिविर के माध्यम से हर क्षेत्र में विधिक सहायता प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल खरे, वरिष्ठ अधिवक्ता शशांक शेखर को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही रोटरी हयूमेनेटेरियन अवार्ड समर्थ अवस्थी को प्रदान किया जाएगा।



**रोटरी क्लब प्रीमियर की होगी सेरेमनी**

कार्यक्रम के पूर्व रोटरी क्लब प्रीमियर की नवीन कार्यकारिणी की इंस्टॉलेशन सेरेमनी होगी। रोटरी क्लब ऑफ़ जबलपुर प्रीमियर के नवीन प्रेसिडेंट द्वारा शिवेंद्र पांडेय ने रोटरी की सेवा भावना को स्कूल के सभी बच्चों तक पहुँचने के लिये अनूठी पहल की है जिसके चलते न्यू इंटरेक्ट क्लब का गठन किया गया इसमें आर्यमन पांडेय को प्रेसिडेंट, अन्या पांडेय को प्रेसिडेंट इलेक्ट जबलपुर की शालाओं के लिए नियुक्त किया है। पत्रकारवार्ता के दौरान अधिवक्ता वरुण तनखा असिस्टेंट गवर्नर रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261, डॉ अमरेन्द्र पांडेय अध्यक्ष रोटरी प्रीमियर , शिवेंद्र पांडेय, समर्थ अवस्थी, आशुतोष प्यासी, सनी आहूजा, भवनीत दुआ , बल्ली रजक उपस्थित रहे।

# ब्लैक स्पॉट्स बन रहे काल

**सृजन शुक्ला**

जबलपुर। ब्लैक स्पॉट्स से वाहन चालक मौत के मुंह में जा रहे हैं। इसका मुख्य कारण इनके बारे में जानकारी न होना और लापरवाही से वाहन चलाना है। इसके बावजूद हादसे रोकने न तो पुलिस आगे आ रही है और न ही कोई अन्य एजेंसियां ध्यान दे रही हैं। इससे स्थिति बदतर होती जा रही है। आश्चर्य की बात यह है कि आला अफसर बार-बार मातहतों को इसके लिए उचित प्रयास करने के लिए कह रहे हैं, लेकिन मातहत उनकी बातों को नजर अंदाज कर रहे हैं।



### ये स्थान ज्यादा खतरनाक

- खंदारी पुल मोड़- 12
- छोटीलाइन फाटक- 10
- शास्त्री ब्रिज- 05
- ब्लूम चौक- 08
- करौंदा नाला- 10

### वाहनों से हादसों का अनुपात

- दो पहिया- 40 प्रतिशत
- तीन पहिया- 8 प्रतिशत
- चार पहिया - 32 प्रतिशत
- बस आदि -6 प्रतिशत
- भारी वाहन -14 प्रतिशत

## कब बनता है ब्लैक स्पॉट

जिस जगह पर सीधी सड़क में एक शॉर्प गिरावट आए। ऐसी जगह पर जहां दूसरी ओर से आने वाला ट्रैफिक नजर ना आए, शॉर्प रोड पर छिपा हुआ जंक्शन हो। ऐसी जगहों पर हादसा होने का खतरा होता है।

### इसलिए होते हैं ज्यादा हादसे

किसी जगह के ब्लैक स्पॉट बनने के पीछे कई वजह हो सकती हैं. जिनमें सड़क का घनी आबादी से गुजरना, ऐसी जगह जहां से लोगों का बार-बार सड़क क्रॉस करना, सड़क बनाने में की गयी लापरवाही और सड़क की ख़राब डिज़ाइन भी ब्लैक-स्पॉट बनने की एक वजह हो सकती है. इसके साथ-साथ ये भी देखा जाता है ज्यादा आवागमन के कारण किसी जगह सड़क काफी ख़राब हो जाती है और अगर एक लंबे समय तक इस पर ध्यान न दिया जाये तो ये सड़क हादसों का घर बनने लगती हैसर्विस रोड की चौड़ाई कम है और शार्प मोड़ है। दोनों तरफ ट्रैफिक सिग्नल नहीं लगे है। हाईवे के दोनों तरफ 300 मीटर की दूरी पर संकेतक बोर्ड नहीं लगे हैं। इससे वाहन चालकों को समय रहते ब्लैक स्पाट की जानकारी नहीं हो पाती है। वाहनों की रफ्तार भी धीमी नहीं होती है।

### पिछले तीन सालों में हादसों के आंकड़े

- कुल हादसे- 3150
- मृत- 386
- घायल- 2900

### ये हैं ब्लैक स्पॉट्स

- खंदारी नाले के पास ग्वारीघाट
- ग्राम सुरतलाई मुख्य रोड
- कटंगी बाइपास चौराहा से हिरन नदी का पुल
- सृजन चौक से पेंटीनाका, सिग्नल रिकार्ड एलएसी तक
- स्पोट्स क्लब पेट्रोल पम्प से आधा किमी बिलहरी तक
- दर्शन तिराहा से लेकर पनेहरा पेट्रोल पम्प तक
- सतपुला से लेकर इंजीनियरिंग कॉलेज तक
- मझौली सिहोरा रोड सुहरनी के पहले खबरा तालाब के पास तक
- करौंदानाला बाइपास से महाराजपुर
- अमन नगर कृषि नगर
- परियट पुल से इमलिया मोड़
- छोटी लाइन फाटक से कृपाल चौक
- मथुरा विहार से पचौरी पेट्रोल पम्प तक
- अहिंसा से एकता चौक तक
- 14 मील से सूखा नाला ग्राम पड़रिया
- चेरीताल कलारी के पास
- कछपुरा ब्रिज से गुलौआ फाटक तक
- घाट सिमरिया
- जैन पेट्रोल पम्प से बघराजी पुलिया तक
- बल्देवबाग चौराहा से आगा चौक तक
- भाटिया मोहल्ला से बंजर से सिंघुली मोड़
- चूल्हा गोलाई मोड़
- रमनपुर घाटी खितौला मोड़
- नटवारा मोड़ बड़ा पुल महाराजपुर के आगे
- अंधमूक बाइपास

### क्या होता है ब्लैक स्पॉट,,,

सड़क पर जिस जगह बार-बार हादसे होते हैं, उन्हें ब्लैक स्पॉट कहा जाता है। सरकार की ओर से किसी सड़क, हाइवे, एक्सप्रेस वे पर अगर एक ही जगह तीन साल में पांच सड़क हादसे हो जाएं। इसके अलावा किसी जगह पर तीन साल में दस मौत हो जाएं तो उसे ब्लैक स्पॉट घोषित कर दिया जाता है। हादसे के आस-पास का 500 मीटर का एरिया ब्लैक स्पॉट माना जाता है।

"जो भी ब्लैक स्पॉट है उसे चिन्हित करके संयुक्त रूप से निरीक्षण करके दुर्घटनाओं के कारण का निराकरण किया जाता है ताकि यह घटनाएं दोबारा न हो।

**सोमा मलिक**
**थाना प्रभारी, यातायात**

# आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में भाजपा नहीं करना चाहती विकास: राजेश तिवारी

### मझौली के ग्राम तलाड़ में कांग्रेस नेता ने आयोजित की महापंचायत

**जबलपुर,यशभारत।** मध्यप्रदेश में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर सभी पार्टी के नेताओं ने अपने-अपने स्तर पर टिकिट की दावेदारी के साथ चुनाव की तैयारियां शुरू कर दीं हैं। इसी कड़ी में पाटन विधानसभा के मझौली क्षेत्र में कांग्रेस नेता राजेश तिवारी ने सक्रियता दिखाई है। कांग्रेस नेता राजेश तिवारी ने ग्राम तलाड़ में ग्रामीणों के बीच महापंचायत का आयोजन करते हुए जनसंपर्क किया और कांग्रेस की विचारधारा को समझाया। इस दौरान राजेश तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में विकास करना नहीं चाहती है। महापंचायत के जरिए कांग्रेस नेता राजेश तिवारी ने ग्राम तलाड़ की जनता की समस्याएं सुनीं और उन्हें आश्वासन दिया कि समस्याओं के निराकरण के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में पंचायती राज के संयोजक विवेक अवस्थी , निशा पाल, शरद परिहार, शांति बाई कोल, रामस्वरूप चक्रवर्ती उपस्थित रहे।



## 75 सीमेंट चोरी की बोरियों को किया बरामद

**जबलपुर,यशभारत।** सीमेंट पोल की फैक्ट्री में काम करने वाले इंजीनियर और लेबर द्वारा 75 सीमेंट की बोरियों को एक पिक अप वाहन से चोरी करवाया और उसे ले जाकर छुपा दिया। जैसे ही इस बात की जानकारी पुलिस को लगी तो तत्काल ही आरोपियों की तलाश करते हुए उन्हें वाहन सहित पकड़ लिया गया। पूरे मामले की जानकारी देते हुए तिलवारा थाने में पदस्थ एसआई अभिषेक ने बताया कि पीड़ित जतिन दरयानी मेने पुलिस को जानकारी दी, कि वह घंसौर में सीमेंट पोल की फैक्ट्री का संचालन किया करता है, बीती रात उसके यहां काम करने वाले प्रकाश ठाकुर और विजय मल्हार ने एक पिक अप वाहन से लगभग 75 सीमेंट की बोरियों को फैक्ट्री से बाहर निकाल कर गायब कर दिया है।

## महिला मार्केट के हालात सुधारने विधायक ने नगर निगम कमिश्नर को लिखा पत्र




**जबलपुर,यशभारत।** बल्देवबाग स्थित महिला मार्केट की जर्जर और दयनीय हालात को सुधारने और वहां की महिला दुकानदारों के लिए सुरक्षा के इंतजाम के लिए विधायक विनय सक्सेना आगे आए हैं। विधायक ने इन समस्याओं को लेकर नगर निगम कमिश्नर स्वप्निल वानखेड़े को एक पत्र लिखा है और कार्यवाही की मांग की है। विधायक द्वारा लिखे गए पत्र में कहा गया है कि बल्देवबाग महिला मार्केट में शाम ढलते ही शराबखोरी शुरू हो जाती है, गंदा पानी पसरा रहता है। क्षेत्रीय दुकानदारों को तत्वों से हमेशा खतरा बना रहता है। मतलब महिला मार्केट सिर्फ नाम का मार्केट रह गया है। जहां महिलाओं की सुरक्षा के लिए कोई इंतजाम नहीं है।

## जहां 15दिन में होने थे चुनाव 3 साल से बैठे हैं प्रशासक

### व्हीएफजे सोसायटी के चुनाव कराने के लिए घेराव और ज्ञापन

**जबलपुर यशभारत।** शहर के रक्षा संस्थानों में से एक वाहन निर्माणी जबलपुर में सहकारिता विभाग के तहतसंचालित व्हीकल फैक्ट्री एम्प्लाइज़ को-आपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड गत 3 वर्ष से बिना किसी चयनित कार्यकारिणी के चल रही है। सोसायटी का कार्यकाल तीन साल पहले ही खत्म हो गया।पिछले साल मतदाता सूची प्रकाशन के बाद 15दिन में चुनाव कराए जाने थे।लेकिन यूनियनों ने कुछ आपत्तियों को संशोधन के सुझाव दिए तो चुनाव अनिश्चित काल के लिए टाल दिये गए।इसी को लेकर वर्कर्स यूनियन और श्रमिक सेवा संघ ने सिविक सेन्टर पहुंच कर घेराव कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौपें जाने के दौरान उस समय अजीब स्थिति हो गई कि जिस प्रशासक के खिलाफ यूनियनें ज्ञापन लेकर पहुंची संयुक्त पंजीयक( सहकारिता )ने उसे ही ज्ञापन लेने के लिए नियुक्त कर दिया. इस पर यूनियनों के कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त हो गया।पुलिस के हस्तक्षेप से संयुक्त पंजीयक ने ज्ञापन लिया।यूनियनों ने चेतावनी दी कि एक सप्ताह में चुनाव घोषित नहीं हुए तो कार्यालय के समक्ष उग्र आंदोलन किया जायेगा।

## 15 दिन से कमजोर पड़ा मानसून फिर दिखाएगा दम



### सावन में होगी झमाझम वर्षा

**जबलपुर,यशभारत।** लगभग 15 दिनों से कमजोर पड़ा मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। सावन में रिझझिम साथ ही झमाझम वर्षा का दौर शुरू हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में चार मौसम प्रणालियां सक्रिय है इसके असर से 11 जुलाई तक अच्छी वर्षा की आशंका है। गुरुवार को हल्की और शुक्रवार को झमाझम वर्षा से वातावरण में फिर ठंडक घुलने लगी है। अधिकत तापमान भी 35 डिग्री से लुढ़क कर 31 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है। बहरहाल तापमान एक बार फिर गिरने लगा है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 31.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम दो डिग्री की गिरावट के साथ 24.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 32.2 और न्यूनतम 24.6 डिग्री रहा।

### अगले 24 घंटे भारी वर्षा का येलो अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार अरब सागर के ऊपर एक नया सिस्टम सक्रिय हो गया है जिसके असर से अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही है। इसके असर से वर्षा की गतिविधियां में तेजी आ रही है। मौसम विभाग के अनुसार 11 जुलाई तक जबलपुर सहित संभाग के मंडला, डिंडौरी, बालाघाट सहित आस-पास के जिलों में कहीं मध्यम तो कहीं गरज-चमक के साथ भारी वर्षा की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे की भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है।

### 11 इंच के करीब पहुंचा वर्षा का आंकड़ा

ब्रेक के बाद फिर वर्षा का दौर शुरू होने से वर्षा का आंकड़ा भी बढ़ने लगा है। शुक्रवार की रात हुई करीब पौन इंच वर्षा के बाद सीजन में अब तक हुई वर्षा का आंकड़ा 11 इंच के करीब पहुंच गया है। वहीं गत वर्ष की बात करें तो आज के दिन तक कुल 14 इंच वर्षा हो चुकी थी। यानी गत वर्ष की तुलना में अब तीन इंच पीछे है।

## क्राईम ब्रांच एवं गोसलपुर पुलिस की संयुक्त कार्यवाही, 2 सटोरिये गिरफ्तार, नगद 18 हजार 380 रूपये एवं मोबाईल जप्त

**जबलपुर, यशभारत।** पुलिस अधीक्षक जबलपुर तुषार कांत विद्यार्थी (भा.पु.से.) द्वारा जिले मे पदस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को संगठित जुआ, सट्टा खिलाने वालों को चिन्हित करते हुये उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है। आदेश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध समर वर्मा एवं अति. पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शिवेश सिंह बघेल तथा एस.डी.ओ.पी. सिहोरा पारूल शर्मा के मार्ग दर्शन में क्राईम ब्रांच एवं थाना गोसलपुर की टीम द्वारा 2 सटोरियों को सट्टा लिखते हुये रंगे हाथ पकडते हुये 18 हजार 380 रूपये जप्त किये गये है। थाना प्रभारी गोसलपुर परिविक्षाधीन (भा.पु.से.) आदर्श कांत शुक्ला ने बताया कि आज दिनांक 7-7-23 को क्राईम ब्रांच को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि बरनू तिराहा में संतोष यादव की चाय पान दुकान में एक व्यक्ति सट्टा पट्टी लिख रहा है। जिसके बाद मौके पर पहुंच कर सटोरियों को गिरफ्तार किया।

# रेल चिकित्सालय प्रबंधन की लापरवाही से मरीजों को गवानी पड़ रही जान

### रेल मजदूर संघ ने व्यवस्था सुधारने रखी मांग

**जबलपुर यशभारत।** केन्द्रीय रेल चिकित्सालय में अस्पताल प्रबंधन । चिकित्सको की लापरवाही से रेल कर्मी व उनके परिजन जो बेहतर चिकित्सा की आस लेकर अस्पताल आते हैं, उनकी जान पर बन आयी है । वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के प्रवक्ता सतीश कुमार व मंडल सचिव डी.पी. अग्रवाल ने बताया कि रेल चिकित्सालय से अनुबंधित निजी अस्पताल में बड़ी मशक्त के बाद रेफर तो कर दिया जाता है परन्तु पर्याप्त चिकित्सा मिलने के पूर्व ही जबरन रेल अस्पताल प्रबंधकों द्वारा वापस रेल चिकित्सालय बुला लिया जाता है जिससे उहापोह की स्थिति बन जाती है। जिस बजह से कई मरीजो की हालत बिगड़ जाती है तो कुछ मरीजो को अपनी जान गवानी पडी । विगत सप्ताह मुख्यालय में कार्यरत कर्मचारी के पिता सेवानिवृत्त कर्मचारी को निजी चिकित्सालय में रेफर किया, जहां उनकी हुई मेजर सर्जरी के तीन दिन पश्चात् ही रेल अस्पताल प्रबंधन ने जबरन वापस रेल अस्पताल बुला लिया जहां पर उनकी असमय मृत्यु हो गई । लापरवाही से हुई उक्त मौत की जांच उच्च स्तरीय कमेटी से कराने की रेल मजदूर संघ ने करते हुए उक्त रवैया पर रोक लगाने की मांग की । साथ ही रेल प्रशासन को आन्दोलनात्मक कार्यवाही की चेतावनी देते हुए । केन्द्रीय चिकित्सालय में लोकल पर्चेस पर अघोषित रोक हटाने, मरीजो को सुगम समुचित इलाज देने, विशेषज्ञ चिकित्सकों व पर्याप्त पैरा मेडीकल स्टॉफ मुहैया कराने, नये भवन में बंद पड़े विशेष रूम पुनः प्रारंभ करने, पर्याप्त एम्बुलेन्स उपलब्ध कराने, मेडीकल डिकेटेगराइज मरीजो का समय पर निर्णय करने, मेडीकल रिइम्बर्समेंट प्रक्रिया सरल करने आदि व्यवस्थाएँ अविलम्ब की जाने की मांग की ।

## नाम सुधार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के समस्त रिकॉर्ड, मार्कशीट जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड नाम अनन्य जैन हो गया है जो कि गलत है सही नाम अर्हम जैन है। अतः मेरे पुत्र के सभी रिकार्ड में अर्हम नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

**गलत नाम - अनन्य जैन**
**सही नाम- अर्हम जैन**
**पिता- संदीप जैन**
**माता- कविता जैन**
**पता- 392/1 नेपियर टाउन स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड नवीन विद्याभवन जबलपुर**

## नाम सुधार एवं स्थाई पता सुधार

मै OM PRAKASH CHAUHAN यह घोषणा करता हूँ। कि मेरे आधार कार्ड मे मेरा नाम OM PRAKASH तथा सरनेम CHAUHAN है। किंतु मेरे पासपोर्ट मे मेरा नाम OM PRAKASH CHOUHAN तथा सरनेम खाली रखा गया है, जो कि गलत है। अतः आज दिनांक से मेरे पासपोर्ट मे मेरा सही नाम OM PRAKASH तथा सरनेम CHAUHAN पुत्र श्री रघबर दयाल, पता- FLAT NO.- 17-18, TOWER A4, IDEAL HILLS, NARMADA ROAD, POLIPATHER, JABALPUR-MANDYA PRADESH-482001 दर्ज किया जाये।

गलत नाम- OM PRAKASH CHOUHAN
सही नाम- OM PRAKASH
सही सरनेम- CHAUHAN
पुत्र-RAGHBAR DAYAL
सही पता- FLAT NO.- 17-18, TOWER A4, IDEAL HILLS, NARMADA ROAD, POLIPATHER, JABALPUR-MANDYA PRADESH-482001

## आम सूचना

एतद् द्वारा मेरी पक्षकार गण श्रीमती रश्मि नामदेव, पति श्री अमित नामदेव, उम्र 45 वर्ष, निवासी म.नं. 857, मदन महल, आमनपुर, चौबे आटा चक्की, थाना मदन महल, जबलपुर मप्र द्वारा अधिकृत होकर सर्वसाधारण को यह सूचित करता हूं कि मेरी उपरोक्त पक्षकार द्वारा एक भू-खण्ड मौजा भड़पुरा, नं बं. 351, पहनं 24/35, रा नि मं भेड़ाघाट, खसरा नं 127/6 कुल रकवा 2.320 हेक्टर, सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड नं 07, तहसील गोरखपुर एवं जिला जबलपुर मप्र के मालिक स्वामी एवं विक्रेता श्री सूरज बढ़ौलिया, पिता श्री मूलचंद बढ़ौलिया, उम्र 40 वर्ष, निवासी म.नं 931, गली नं 19, सदर केंट, जिला जबलपुर, मप्र की उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति के कुल रकवा में से विक्रय हेतु उपलब्ध 40X50 के 2 प्लॉट अर्थात 4000 वर्गफुट भू-खण्ड, प्लॉट क्र 320, प्लॉट नंबर 341 को क्रय किये जाने बावत विक्रय अनुबंध किया गया है, एवं निकटम भविष्य के उपरोक्त अनुबंध के आधार पर पंजीकृत विक्रय पत्र का निष्पाद किया जावेगा। इसलिए जिस किसी व्यक्ति/ शासकीय या निजी व्यवसायिक व बैंक तथा वित्तीय संस्था/ईकाई का उपरोक्त अनुबंधित सम्पत्ति में हित निहित हो, कोई उजर दावा या आपत्ति हो, या किसी वाद मुकदमे की विषय वस्तु यह सम्पत्ति हो, तो वह मेरे निम्नलिखित कार्यालयीन पते पर 07 दिवस के भीतर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर मय दस्तावेज व साक्ष्यों सहित अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। उपरोक्त नियत अवधि के उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरी पक्षकार अपने पक्ष में पंजीकृत विक्रय पत्र के निष्पादन हेतु स्वतंत्र रहेंगी एवं जिस हेतु मेरे पक्षकार का काई भी उत्तरदायित्व नहीं रहेगा।

स्थान- जबलपुर
दिनांक

**रिन्केश मौर्य**
**अधिवक्ता**
**मो. 9424394650**

# गोंदिया मार्ग से रायपुर के लिए यात्री गाड़ियों को चलाया जाए: सांसद



### सांसदों की महाप्रबंधक के साथ बैठक में मिले अनेक सुझाव

**जबलपुर यशभारत।** जबलपुर रेल मंडल परिक्षेत्र में आने वाले मंडल के सांसदों के साथ महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेलवे की बैठक शुक्रवार को आयोजित हुई बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता एवं डी.आर.एम. विवेक शील द्वारा सांसद गणों का स्वागत किया। बैठक में महाप्रबंधक श्री गुप्ता ने सभी सांसदों का स्वागत करते हुए उनके द्वारा दिए जाने वाले सुझावों का स्वागत किया तथा बताया कि प्रदेश को तीन वंदे भारत एक्सप्रेस गाड़ियां मिली हैं जिससे कि डब्लू सी आर जबलपुर के यात्रियों को इसका लाभ मिल रहा है इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत मंडल के 15 स्टेशनों को शामिल किया गया है जिसमें जल्द ही विकास के कार्य प्रारंभ किए जाएंगे इस अवसर पर डीआरएम विवेक शील ने पावर पॉइंट के द्वारा मंडल में हुए विकास कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सांसद जबलपुर राकेश सिंह ने सुझाव दिया कि कोरोना काल में बंद गाड़ियों को पुनः चालू किया जाए इसके साथ ही जबलपुर से गोंदिया मार्ग से रायपुर के लिए यात्री गाड़ियों को चलाया जाए जिससे क्षेत्र का विकास होगा और इस परियोजना को सार्थकता मिलेगी। उन्होंने जबलपुर से रायपुर के लिए ट्रेन चलाने के साथ ही मदन महल स्टेशन के विकास को गति देने का सुझाव दिया। सांसद श्री सिंह ने कहा कि भारतीय रेल आज गर्व का विषय है जो कभी नहीं सोचा था वह कार्य रेलवे द्वारा किये जा रहे है. देश के विकास के साथ रेलवे का कदमताल बहुत ही सराहनीय है। बैठक में अपने संबोधन में फिर सतना के सांसद गणेश सिंह ने सतना की चलने वाली विभिन्न यात्री गाड़ियों में आरक्षण का कोटा बढ़ाने , सफाई में सुधार ,तथा ट्रेनों की लेटलतीफी को रोकने का सुझाव दिया इसके साथ ही श्री सिंह ने वंदे भारत ट्रेन को रीवा से भी प्रारंभ किए जाने का सुझाव दिया सांसद श्री सिंह ने सतना स्टेशन को अपग्रेडेशन के लिए चुनने के बाद उसके विकास के लिए कार्य जल्द से जल्द शुरू करने तथा रीवा शहडोल को जोड़ने वाली रेल लाइन के सर्वे कार्य का भी उल्लेख किया.श्री सिंह द्वारा दिव्यांगों के लिए पास बनाने के लिए कैंप लगाने की मुहिम शुरू करने का सुझाव दिया। इस बैठक में सांसद जबलपुर राकेश सिंह, सांसद सतना गणेश सिंह, सांसद नर्मदा पुरम उदय प्रताप सिंह, सांसद सागर राज बहादुर सिंह तथा राज्यसभा सदस्य कैलाश सोनी भी उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त अनेक सांसदों के प्रतिनिधियों ने भी सांसदों द्वारा भेजे गए सुझाव महाप्रबंधक को प्रस्तुत किया।

# अवैध वेंडरों की गुंडागर्दी : पैंट्रीकार के मैनेजर से मारपीट करने के बाद लूट

### वलसाड- पुरी ट्रेन का मामला पीड़ित ने रेल मंत्री को किया ट्वीट



**जबलपुर यश भारत।** ट्रेन एवं प्लेटफार्म में आरपीएफ व कामर्शियल टीम के द्वारा अवैध वेंडरो के विरुद्ध चलाए जा रहे धर पकड़ अभियान के बावजूद भी अवैध वेंडरो के हौसले इतने अधिक बुलंद है कि एक ट्रेन के पैंटीकार मैनेजर के साथ मारपीट करने के बाद लूट की गई इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार वलसाड से चलकर पुरी जाने वाली गाड़ी संख्या 22909 के पैंट्रीकार के मैनेजर संदीप कुमार के साथ अवैध वेंडरों ने गुंडागर्दी करते हुए न केवल उसके साथ मारपीट की गई बल्कि मैनेजर के बैग रखें एक लाख 37280 रुपए लूट लिए गए आश्चर्य की बात तो यह है कि यह सब घटना कटनी साउथ रेलवे स्टेशन में आरपीएफ एवं जीआरपी कर्मियों के सामने हुई जिनके द्वारा मामले को शांत करने की हुज्जत नहीं की गई इस पूरे घटनाक्रम का एक वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है वलसाड पुरी ट्रेन में अवैध वेंडर पेटीकार के मैनेजर को बाहर निकाल कर उसके साथ जमकर मारपीट करते रहे पैंट्रीकार मैनेजर द्वारा मारपीट करने बालों के विरुद्ध जीआरपी में रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही गई तो रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई इसके बाद पेटी कार मैनेजर संदीप कुमार द्वारा रेल मंत्री को ट्वीट करने के बाद उक्त ट्रेन शहडोल रेलवे स्टेशन पहुंचने पर पैंट्रीकार के मैनेजर द्वारा इस पूरे घटनाक्रम की शिकायत की गई है।

### यह है पूरा घटनाक्रम

वलसाड से चलकर जबलपुर कटनी के रास्ते पुरी जाने वाली गाड़ी संख्या 22909 की पैंटीकार के मैनेजर संदीप कुमार ने यश भारत को जानकारी में बताया कि ट्रेन साउथ कटनी पहुंचने के बाद उसमें अवैध वेंडर चाय बेच रहे थे जिस पर उनको मना किया गया इसी बात को लेकर अवैध वेंडर द्वारा जबलपुरिया नाम के व्यक्ति को फोन करके इसकी जानकारी दी गई जिसके के बाद वह दर्जनों लड़कों को लेकर स्टेशन पहुंचा और वह अपने साथियों के साथ गाली गलौज करते हुए पैंट्रीकार के अंदर घुसकर बाहर निकाल कर जमकर मारपीट करते हुए बैग में रखें 137280 रुपए लूट लिए गए।

### पूर्व में भी हो चुकी है घटनाएं

इस संबंध में पैंट्रीकार मैनेजर ने बताया कि जबलपुर निवासी जबलपुरिया नाम का यह व्यक्ति कटनी में रहता है जिसको आरपीएफ एवं जीआरपी भी जानती है यह ट्रेनों में अपने अवैध वेंडर चलता है पूर्व में भी इसके लड़कों द्वारा मारपीट करते हुए लूट की वारदात को अंजाम दिया था जिसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई न होने के कारण उसके हौसले इतने अधिक बुलंद हो गए हैं कि कटनी साउथ रेलवे स्टेशन में एक बार फिर से उसने गंभीर वारदात को अंजाम दिया।

### आरपीएफ व एसआरपी को दी जानकारी

कटनी साउथ में हुई इस घटना को लेकर मैनेजर संदीप कुमार द्वारा आरपीएफ कमांडेंट एवं पुलिस अधीक्षक रेल को इस पूरे घटनाक्रम से अवगत कराते हुए ऐसे तत्वों का विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की शिकायत फोन की गई है।



### वित्त विभाग ने संविदा नीति में परिवर्तन की तैयारी शुरू

# मध्य प्रदेश में संविदा कर्मचारियों को अगस्त से मिल सकता है दस प्रतिशत बढ़कर वेतन

■ भोपाल, यशभारत।

प्रदेश के सभी विभाग, निगम, मंडल और प्राधिकरणों में कार्यरत संविदा कर्मचारियों को सरकार अगस्त से दस प्रतिशत बढ़ाकर वेतन दे सकती है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की घोषणा के बाद सामान्य प्रशासन और वित्त विभाग ने संविदा नीति में परिवर्तन की तैयारी शुरू कर दी है। इसमें चिकित्सा शिक्षा विभाग से मातृत्व अवकाश के संबंध में प्रस्ताव लिया जा रहा है तो वित्त विभाग दस प्रतिशत वेतन में वृद्धि का आकलन कर रहा है। दरअसल, कुछ विभाग कर्मचारियों को सातवां तो कुछ छठवां वेतनमान दे रहे हैं।




मुख्यमंत्री ने सभी संविदा कर्मचारियों को 90 के स्थान पर 100 प्रतिशत वेतन देने की घोषणा की है। इसके अनुसार संविदा कर्मचारी आकलन कर रहे हैं कि उनके वेतन में कितनी वृद्धि होगी। वित्त विभाग के सूत्रों का कहना है कि जो जिस पद पर काम कर रहा है, उसके अनुसार आकलन होगा।

जिस संवर्ग को महंगाई भत्ता मिल रहा है, उसे वह मिलता रहेगा।इसी तरह कुछ संवर्गों को उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर राशि मिलती है। यह व्यवस्था भी बनी रहेगी। वित्त से जुड़ा नीतिगत मामला होने के कारण संविदा नीति में संशोधन के प्रस्ताव को कैबिनेट में प्रस्तुत किया जा सकता है।

कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों का कहना है कि जब आदेश सामने आएंगे, तभी वेतन में वृद्धि को लेकर स्पष्ट स्थिति पता चलेगी। अभी सभी कर्मचारी अपने-अपने हिसाब से आकलन कर रहे हैं। नियमति पदों में पचास प्रतिशत आरक्षण देने की बात तो कही गई है पर परीक्षा देनी होगी या नहीं, यह भी स्पष्ट नहीं है। इसको लेकर कोई घोषणा भी नहीं हुई है।

संवर्ग- वर्तमान वेतन- दस प्रतिशत वृद्धि
जिला ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिकारी- 64 हजार 754-71 हजार 949
सहायक यंत्री (जिला)- 61 हजार 770- 68 हजार 633
सहायक संचालक कृषि/उद्यानिकी-61 हजार 770- 68 हजार 633
लेखाधिकारी- 61 हजार 770- 68 हजार 633
मीडिया अधिकारी- 61 हजार 770- 68 हजार 633
वरिष्ठ डाटा प्रबंधक- 40 हजार 588- 45 हजार 098
जिला समन्वयक- 38 हजार- 42 हजार
लेखापाल- 23 हजार 725- 26 हजार 361
डाटा एंट्री आपरेटर- 23 हजार 725- 26 हजार 361

## युवीन पोर्टल से होगा 7 अगस्त से नियमित

भोपाल(ईएमएस)। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा है कि प्रदेश में 7 अगस्त से नियमित टीकाकरण युवीन पोर्टल से संचालित होगा। कोविन पोर्टल से हुए कोविड टीकाकरण की तरह ही युवीन पोर्टल से नियमित टीकाकरण कार्यक्रम संचालित होगा। डॉ. चौधरी राज्य स्तरीय मीजल्स रूबेला निर्मूलन कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि प्रदेश में टीकाकरण साल-दर-साल प्रगति के पथ पर अग्रसर है। मीजल्स रूबेला टीकाकरण अभियान में 2 करोड़ 32 लाख का रिकॉर्ड टीकाकरण किया गया। टीकाकरण में मैदानी अमले के टीकाकर्मी आशा और आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का कार्य सराहनीय है।स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी ने कहा कि मीजल्स रूबेला से मुक्त प्रदेश और देश बनाने के हमारे संकल्प को साकार करने में सभी जन-प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवियों और आम नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

## महंगाई राहत नहीं मिली तो पांच लाख पेंशनर्स उतरेंगे सड़कों पर

■ भोपाल, यशभारत।

राज्य पेंशनर्स एसोसिएशन के नेतृत्व में गुरुवार को सैकड़ों पेंशनर्स ने नीलम पार्क में प्रभावी प्रदर्शन किया। इस अवसर पर पेंशनरों द्वारा बताया गया कि वर्ष 2000 में मध्य प्रदेश के विभाजन और छत्तीसगढ़ का पुर्नगठन के बाद धारा 49(6) लगाई गई थी। तब वादा किया गया था कि पेंशनरों को समय-समय पर महंगाई राहत का लाभ दिया जाएगा। उसमें 74 प्रतिशत बजट मप्र एवं 26 प्रतिशत बजट छत्तीसगढ़ सरकार वहन करेगी। दोनों राज्यों की सहमति नहीं बन पाने के कारण पेंशनर महंगाई राहत से वंचित हैं।इस मौके पर चेतावनी दी गई कि यदि महंगाई राहत शीघ्र नहीं मिली तो पांच लाख पेंशनर सड़कों पर उतरेंगे।



आंदोलन को विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ, पुलिस पेंशनर्स संघ, वन रक्षक, वेटरनरी पेंशनर्स संघ सहित दो दर्जन से अधिक संघो के प्रत्यक्ष समर्थन से आयोजित किया गया था। सभा को राज्य पेंशनर्स संघ अध्यक्ष ओपी बुधौलिया, गणेश दत्त जोशी, हित रक्षक संघ के प्रांतीय संरक्षक डा. शैलेंद्र व्यास, प्रांतीय अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, आमोद सक्सेना सहित अन्य संघो के पदाधिकारी व विभिन्न जिलो के अध्यक्षों ने संबोधित किया। विद्युत पेंशनर्स हितरक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष आशुतोष अवस्थी, प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य ओपी जैन, भोपाल शाखा कार्यवाहक अध्यक्ष अरविंद सीठा, वीके शुक्ला के नेतृत्व में अन्य पदाधिकारीगण तथा विद्युत पेंशनर्स ने भारी संख्या में शामिल होकर आंदोलन को सफल बनाया।

## निजी अस्पताल में सात साल की बच्ची की मौत

■ भोपाल, यशभारत।

भानपुर के एक निजी अस्पताल में गुरुवार शाम उपचार के दौरान एक बच्ची की मौत हो गई। इसके बाद अस्पताल में परिजनों ने जमकर हंगामा मचाया। परिजनों का आरोप है कि बच्ची की मौत के बाद स्टाफ ने उन्हें वार्ड से बाहर निकाल दिया। बच्ची के चाचा रोहित साहू ने आरोप लगाए हैं कि बच्ची की मौत एक इंजेक्शन लगाने के बाद हुई। बच्ची को गलत इंजेक्शन लगाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची के स्वजन को समझाइश देकर शांत कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।रोहित साहू ने बताया कि वंशिका साहू (7) निवासी

### परिजनों ने लगाया इलाज में लापरवाही का आरोप, किया हंगामा

पाटन जिला सीहोर को टाइफाइड हुआ था। उसे बेहतर इलाज की खातिर भोपाल दिखाने के लिए लाए थे। गुरुवार दोपहर को बच्ची को अस्पताल में भर्ती किया। रात को करीब सात बजे के आसपास इंजेक्शन लगाने के बाद बच्ची की हालत बिगड़ने लगी। देखते ही देखते आठ बजे के बाद बच्ची के शरीर में हलचल बंद हो गई। इसके बाद स्टाफ ने सभी परिजनों को वार्ड से बाहर कर दिया।

इधर, निशातपुरा थाने की एसीपी रिचा जैन ने बताया कि अस्पताल में बच्ची के परिजनों द्वारा हंगामा करने सूचना मिली थी। जिसके बाद परिजनों से मिलने अस्पताल गए थे। लेकिन परिजनों ने बच्ची के शव का पोस्टमार्टन कराने से इंकार कर दिया। बच्ची के परिजनों को समझाइश दी गई है। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत का कारण पता लग सकेगा।

## दूर-दराज क्षेत्र के रोगियों को आयुष क्योर ऐप से दिया जा रहा है यूनानी चिकित्सा का लाभ

भोपाल(ईएमएस)। प्रदेश में आयुष क्योर ऐप के माध्यम से दूर-दराज क्षेत्रों के मरीजों को ख्याति प्राप्त यूनानी विशेषज्ञों द्वारा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श दिया जा रहा है। ये यूनानी चिकित्सक हकीम सैयद जियाउल हसन शासकीय स्वशासी यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय भोपाल से जुड़े हुए हैं।ऐप के माध्यम से रोगियों को त्वचा रोग, महिला रोग, नाक, कान एवं गला रोग के अलावा सामान्य मेडिसिन का यूनानी विशेषज्ञों द्वारा परामर्श दिया जा रहा है। ऐप का फायदा उन बुजुर्गों को मिल रहा है, जो किसी कारणवश चिकित्सालय नहीं आ सकते हैं। विशेषज्ञों द्वारा दिया गया परामर्श डिजिटल प्रिस्क्रिपशन द्वारा लाभार्थी के मोबाइल में सुरक्षित रहता है।

## प्रापर्टी ब्रोकर ने साथी महिला कर्मचारी से किया दुष्कर्म

■ भोपाल, यशभारत।

रातीबड़ इलाके में एक 30 वर्षीय महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीडिता आरोपित के साथ ही काम करती है। वह महिला को एक भूखंड दिखाने के बहाने रातीबड़ के गोरा गांव लेकर गया। जहां उसने महिला के साथ धमकाकर दुष्कर्म किया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने दुष्कर्म और धमकाने की धाराओं में एफआइआर दर्ज कर ली है।रातीबड़ पुलिस के मुताबिक बाणगंगा टीटीनगर में 30 वर्षीय युवती अपने स्वजनों के साथ रहती है। वह एक निजी प्रापर्टी ब्रोकर अमित सिंह परिहार के साथ में काम करती है। वह अक्सर रातीबड़ समेत अन्य स्थानों पर लोगों को संपत्ति दिखाने के बहाने अपने ही साथ में ले जाता था। पांच जुलाई को उसने युवती को फोन किया और कहा कि रातीबड़ के ग्राम मैंडोरा में एक व्यक्ति को संपत्ति



### झांसे से ले गया था सुनसान स्थान पर

दिखानी है और उसे बुलाया। बाद में दोनों साथ में निकले और आरोपित ग्राम मैंडोरा न ले जाकर युवती को लेकर ग्राम गोरा के पास शिवनगर बस्ती में ले गया। वहां उसने युवती के साथ दुष्कर्म किया। साथ ही पीडिता को धमकाया कि इस बारे में किसी को कुछ बताया तो जान से मार देगा। बाद में पीडिता ने रातीबड़ थाने में जाकर एक लिखित आवेदन दिया। इस पर पुलिस ने आरोपित पर एफआइआर दर्ज कर ली है। फिलहाल आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### केंद्रीय विद्यालय की छात्रा से छेड़खानी, रिश्तेदार को पीटा

इधर, एमपीनगर क्षेत्र में स?थित केंद्रीय विद्यालय की एक 16 वर्षीय छात्रा के साथ पढ़ने वाले दो छात्रों ने पीछा कर छेड़खानी कर दी1 जब उसने विरोध किया तो आरोपितों ने उसे धमका दिया। बाद में छात्रा ने स्कूल में पढ़ने वाले अपने रिश्ते के चाचा को बुलाया तो आरोपित दोनों छात्रों ने मिलकर उसक साथ मारपीट कर दी। बाद में छात्रा ने थाने में जाकर पूरे मामले की शिकायत की। इस पर एफआइआर दर्ज कर ली

## कलेक्टर भोपाल ने जिला अस्पताल 1250 का आकस्मिक निरीक्षण किया

भोपाल (ईएमएस)। कलेक्टर आशीष सिंह ने सुबह 10 बजे जेपी अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण किया। 20 डॉक्टर ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए इस पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त करने के बाद सख्ती करते हुए 18 डॉक्टरो का एक दिन का वेतन काटने और असंचायी प्रभाव से एक वेतन वृद्धि रोकने के लिए एससीएन जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही लगातार आदेशों को अवेहलना, और कार्य के प्रति लापरवाही पर डॉक्टर रविंद्र पाल को निलंबित करने और संविदा डॉक्टर अनिल छारी की संविदा समाप्त करने के लिये सीएमएचओ को निर्देश दिए।कलेक्टर आशीष सिंह अचानक बिना सूचना के जिला अस्पताल पहुंचे और निरीक्षण किया इस दौरान मरीजों और डॉक्टर से बात भी की। निरीक्षण के दौरान 20 डॉक्टर रश्मि सिंघई, डॉ. आशा दीक्षित शिशुरोग विशेषज्ञ, डॉ. आनंद सुचारी मेडिकल ऑफिसर, डॉ. मंजुबाला चंदैया,डॉ. रत्नेश जैन संविदा चिकित्सा अधिकारी, डॉ. श्रद्धा पिपलोदे बंधपत्र चिकित्सा अधिकारी, डॉ. मनीष सूर्यवंशी डॉ. अनुष्का वर्मा, बंधपत्र चिकित्सा अधिकारी, डॉ. निष्ठा श्रीवास्तव डॉ. बंधपत्र चिकित्सा अधिकारी, मिकाईल मैशी खान बंधपत्र चिकित्सा अधिकारी, डॉ. प्रतीक आर्य सी.पी.एस. चिकित्सा अधिकारी, डॉ. चेतना चरपे सी.पी.एस. चिकित्सा अधिकारी, डॉ. सपना खर्द सी.पी.एस. चिकित्सा अधिकारी, डॉ. निदा खान सी.पी.एस. चिकित्सा अधिकारी, डॉ. 3. मकवाना सी.पी.एस. चिकित्सा अधिकारी, डॉ. संधु आर्य सी.पी.एस. चिकित्सा अधिकारी, डॉ. शुभांगी पटेल डॉ. अर्चना राजपूत सी.पी.एस. चिकित्सा अधिकारी,डॉ. प्रमोद पटेल सी.पी.एस. चिकित्सा अधिकारी, डॉ. दिव्या पाण्डे बंधपत्र चिकित्सा अधिकारी अस्पताल में ड्यूटी से अनुपस्थित मिले।

### जे पी अस्पताल में 20 डॉक्टर अनुपस्थित ,सभी को कारण बताओ नोटिस

## मध्य प्रदेश में आईएएस अधिकारियों के तबादल

### मनीष सिंह अब जल संसाधन विभाग प्रमुख सचिव

■ भोपाल, यशभारत।

प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को मंत्रालय में पदस्थ वरिष्ठ अधिकारियों की जिम्मेदारी में बड़ा परिवर्तन कर दिया। ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के समय उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव बनाए गए मनीष सिंह को जल संसाधन विभाग भेजा गया है। वहीं, प्रमुख सचिव संजय कुमार शुक्ला को फिर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के साथ-साथ उद्योग विभाग की जिम्मेदारी भी दी गई है।जल संसाधन विभाग के अपर मुख्य सचिव एसएन मिश्रा के पास अब केवल नर्मदा घाटी विकास विभाग रहेगा। मंत्रालय स्तर पर अधिकारियों की जिम्मेदारी में परिवर्तन करने की तैयारी कुछ दिनों से




सामान्य प्रशासन विभाग कर रहा था। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अनुमति मिलते ही विभाग ने शुक्रवार देर शाम नवीन पदस्थापना के आदेश जारी कर दिए। सूत्रों के अनुसार उद्योग (औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन) विभाग के प्रमुख सचिव को नई जिम्मेदारी देने की चर्चा काफी समय से चल रही थी। वहीं, संजय कुमार शुक्ला विभाग के कामकाज से भलिभांति परिचित हैं, इसलिए सरकार ने मनीष सिंह के स्थान पर उन्हें पदस्थ किया है। अपर मुख्य सचिव एसएन मिश्रा को भी जल संसाधन विभाग में लंबा समय हो गया था। सरकार की प्राथमिकता में सिंचाई परियोजनाओं के काम हैं, इसलिए उनके स्थान पर मनीष सिंह को पदस्थ किया है। वहीं, मिश्रा नर्मदा घाटी विकास विभाग के साथ-साथ नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष और नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट कंपनी के प्रबंध संचालक भी रहेंगे।

## विधानसभा में गूंजेगा सीधी का पेशाब कांड

भोपाल (ईएमएस)। प्रदेश कांग्रेस ने सीधी जिले का पेशाब कांड जोरशोर से उठाने का मन बना लिया है। कांग्रेस द्वारा आदिवासी युवक के साथ हैवानियत का मामला आगामी विधानसभा में भी उठाया जाएगा। घटना को कांग्रेस आदिवासी स्वाभिमान को मुद्दा बनाकर भाजपा को घेरेगी। साथ ही आदिवासी बहुल क्षेत्रों में यात्रा भी निकालकर भाजपा के आदिवासी हितैषी होने के दावे की वास्तविकता भी बताई जाएगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने कहा कि इस विषय को विधानसभा में उठाया जाएगा। वहीं, आदिवासी कांग्रेस, युवा कांग्रेस और एकता परिषद इसे लेकर आदिवासी बहुल क्षेत्रों में स्वाभिमान यात्रा निकालकर भाजपा को घेरने का काम करेंगी। इस दौरान यह बताया जाएगा कि चाहे वनाधिकार पट्टे का मामला हो या पेसा अधिनियम की भावना के अनुरूप नियम लागू करना, भाजपा सरकार ने आदिवासियों को छला है।बता दें कि प्रदेश में 47 विधानसभा क्षेत्र आदिवासियों के लिए सुरक्षित हैं। 30

## लिव-इन पार्टनर के दोस्त ने युवती से किया दुष्कर्म, आरोपित फरार

■ भोपाल, यशभारत।

न्यू मार्केट में स्थित एक ज्वैलरी शोरूम में काम करने वाली महिला कर्मचारी के साथ उसके लिव-इन पार्टनर के दोस्त ने दुष्कर्म किया। आरोपित ने शादी का झांसा देकर वारदात को अंजाम दिया। युवक के बहकावे में आने के बाद युवती ने अपने लिव-इन पार्टनर का घर गुपचुप तरीके से छोड़ दिया था। अब आरोपित ने भी युवती से शादी करने से इंकार कर दिया है। तब पीड़िता ने थाने पहुंचने के बाद में प्रकरण दर्ज कराया। एफआइआर की भनक लगते ही आरोपित फरार हो गया है।अशोका गार्डन टीआई उमेश चौहान ने बताया कि 27 वर्षीय पीड़िता साउथ टीटी नगर में किराए का कमरा लेकर रह रही है। वह न्यू मार्केट के एक ज्वैलरी शोरूम में सेल्सवुमन के तौर पर काम करती है। उसने थाने आकर बताया कि टीला जमालपुरा में 6 महीने पहले तक वह एक युवक के साथ लिव-इन में रह रही थी। लिव-इन पार्टनर का दोस्त दीपक यादव है, जो न्यू मार्केट की एक फुटवियर शॉप में नौकरी करता है। उसका उनके घर आना-जाना था। करीब सात महीने पहले दीपक युवती के लिव-इन पार्टनर से मिलने के बहाने उसके घर आया। इस समय युवती घर में अकेली थी। इसी का फायदा उठाकर उसने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। फरियादिया के विरोध करने पर आरोपी ने उसे शादी करने का भरोसा दिलाया। इतना ही नहीं, अपने साथ रखने का झांसा देकर पीड़िता को घर छोड़ने के लिए बेहकाया। आरोपित की बातों में आने के बाद युवती ने लिव-इन पार्टनर का घर उसे बिन बताए छोड़ दिया। इसके बाद में वह अशोका गार्डन में स्थित एक कालोनी में किराए का कमरा लेकर रहने लगी। यहां भी दीपक ने उसके साथ ज्यादती की। पीड़िता ने पुलिस को आगे बताया कि उसके पूर्व लिव-इन पार्टनर को अशोका गार्डन स्थित घर का पता मिल गया था।

## द्वारका एवं शिर्डी यात्रा के लिए ट्रेन 18 से

भोपाल (ईएमएस)। द्वारका एवं शिर्डी, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी की यात्रा के लिए ट्रेन आगामी 18जुलाई से चलेगी। यह ट्रेन यात्री को रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से पकडना होगा। इस ट्रेन का संचालन आईआरसीटीसी द्वारा किया जा रहा है। सावन में यह ट्रेन देश के सात ज्योतिर्लिंग तक की यात्रा करेगी। मप्र के तीर्थ यात्रियों के लिए सावन में भारतीय रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का संचालन कर रहा है। इसके लिए यात्रियों को 19 हजार 300 रुपए प्रति व्यक्ति (इकॉनामी श्रेणी) एवं 31 हजार 500 रुपए प्रति व्यक्ति (स्टैंडर्ड श्रेणी) का खर्च उठाना होगा।यह ट्रेन मध्यप्रदेश के जबलपुर, नरसिंहपुर, इटारसी, नर्मदापुरम, रानी कमलापति, शुजालपुर, उज्जैन, देवास, इंदौर एवं रतलाम स्टेशनों से होते हुए जाएगी। जहां से यात्री इस ट्रेन पर सवार हो सकेंगे। 10 रातें/11 दिन की इस यात्रा में द्वारका, सोमनाथ, नासिक, शिर्डी आदि।

## बैंक से डेटा लीक मामले में इंजीनियर सहित तीन गिरफ्तार

■ भोपाल, यशभारत।

बैंक से ग्राहकों का डेटा लीक करने के मामले में एक साफ्टवेयर इंजीनियर सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से 62 सिमकार्ड व छह लैपटाप जब्त किए गए है। इंदौर की क्राइम ब्रांच पुलिस ने नई दिल्ली से ऐसे तीन जालसाजों रितेश कुमार व कुणाल मिश्रा दोनों निवासी पश्चिम दिल्ली और जितेंद्र शौकीन निवासी नजफगढ़, नई दिल्ली को पकड़ा, जो ग्राहकों के बैंक खातों से आनलाइन रुपये निकाल रहे थे। आरोपितों ने एसबीआई, यस बैंक, कोटक महिंद्रा और आरबीएल बैंक सहित 28 बैंकों के नाम से फर्जी वेबसाइट बना ली थी। वे रिवार्ड प्वाइंट रिडीम के बहाने क्रेडिट/एटीएम कार्ड की जानकारी ले लेते थे। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि ग्राहकों का डेटा बैंक से जुड़े दलाल और कर्मचारियों से खरीदा था।

### आरोपियों से 62 सिमकार्ड व छह लैपटाप जब्त

डीसीपी (क्राइम) निमिष अग्रवाल के अनुसार आवेदक रितेश हिरवे और जितेंद्र ने धोखाधड़ी की शिकायत में कहा था कि आरोपितों ने आरबीएल बैंक के क्रेडिट कार्ड विभाग का अधिकारी बताया था और बैंकिंग की जानकारी प्राप्त कर खाते से रुपये निकाल लिए। पुलिस की छानबीन में पता चला कि रितेश साफ्टवेयर इंजीनियर है।उसने ही विभिन्न बैंकों के नाम से फर्जी वेबसाइट बनाई थी। पुलिस ने तीनों से 28 वेबसाइट का डोमेन, ई-मेल आइडी, 62 सिम कार्ड, छह लैपटाप सहित अन्य सामग्री जब्त कर ली।

## रक्त चंदन की तस्करी करने वाले पांच आरोपितों को तीन-तीन साल का कारावास

■ भोपाल, यशभारत।

12 मई 2013 को मंडीदीप की एक फैक्ट्री से दो करोड़ रुपए मूल्य का 13 टन रक्त चंदन वन विभाग की टीम ने छामापार कार्रवाई कर जब्त किया था। जांच के बाद चंदन की तस्करी करने वाले पांच आरोपियों का पता लगाकर उनके खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। इस मामले की सुनवाई कोर्ट में चल रही थी। सुनवाई पूरी होने के बाद गौहरगंज के प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट अतुल बिल्लौरे ने बेशकीमती रक्त चंदन की तस्करी करने वाले आरोपियों को तीन-तीन साल की सजा सुनाई है।जिन्हें सजा सुनाई गई है, उनमें मुफीसउद्दीन पिता नईम उद्दीन निवासी सोनागिरी भोपाल, रमेश प्रसाद विश्वकर्मा पिता पंछीलाल निवासी औद्योगिक क्षेत्र मंडीदीप, राजेन्द्रन पिता बीआर मुगम, निवासी बरखेड़ा पठानी भोपाल, कासिम उर्फ कासिफ मुस्तफा पिता अब्दुल कादिर, निवासी गोलापुरम, चेन्नई (तमिलनाडु) और एसएस सैय्यद इब्राहिम पिता सिकंदर बाबा, निवासी-चेन्नई शामिल हैं। इस मामले में शासन की ओर से सहायक लोक अभियोजन अधिकारी लोकेन्द्र कुमार द्विवेदी ने पैरवी कर सभी साक्ष्य कोर्ट में पेश किए।

### मंडीदीप से चल रहा था कारोबार

उल्लेखनीय है कि रक्त चंदन तमिलनाडु और आंध्रप्रदेश के केवल चार जिलों में पाया जाता है, जिसकी बड़े पैमाने पर देश-विदेश में तस्करी की जाती है। पुलिस की जांच पड़ताल में पता चला कि यह रक्त चंदन चेन्नई निवासी मो. कासिम मुस्तफा व सैय्यद इब्राहिम ने मुफीसउद्दीन की सहायता से मंडीदीप में अवैध रूप से रखा था। अरुणमणि व राजेन्द्र मंड उनकी ओर से कार्य देख रहे थे। कासिम मुस्तफा और सैय्यद इब्राहिम भी मंडीदीप आकर रक्त चंदन का अवैध व्यापार कर रहे थे। इन आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस को अच्छी-खासी मशक्कत करना पड़ी थी।

## प्रशिक्षण शिविर सृजन-6 का हुआ समापन

■ भोपाल, यशभारत।

महिला सुरक्षा व महिला सशक्तिकरण की दिशा में कमजोर वर्ग की बालिकाओं को सशक्त बनाने व रोजगार की दिशा में विशेष पहल करते हुए भोपाल पुलिस कमिश्नरेट द्वारा बचपन संस्था के सहयोग थाना गौतम नगर क्षेत्र में आयोजित सशक्तिकरण शिविर सृजन-6 का पुलिस आयुक्त विनीत कपूर द्वारा आज समापन किया गया।सृजन शिविर के समापन के अवसर पर पुलिस आयुक्त मुख्यालय विनीत कपूर ने कहा कि जिस तरह का आत्म विश्वास प्रशिक्षण के बाद इन बालिकाओं मे आया है, निश्चित ही वे अपने समुदाय में अपनी बस्ती मे एक चेंज एजेंट के रूप में कार्य करेंगी। खुद भी घरेलू हिंसा, यौन शोषण की शिकार नही होगी और अपने आसपास घरेलू हिंसा एवं यौन शोषण होने भी नही देगी। इसके साथ साथ ही इन बालिकाओं को जो आगे बढने की प्रेरणा विभिन्न पुलिस प्रशिक्षको द्वारा तथा अन्य विद्वानों व्यक्तियों द्वारा आकर प्रदान की गई उसका लाभ लेकर के वे अपने जीवन मे और स्वालंबन ब?ने मे अपने परिवार को सशक्त व सजग बनाने मे आगे अपनी अच्छी भूमिका भी निभा पायेगी, ऐसा पूरा विश्वास है। ऐसी बालिकाओं को प्रशिक्षण का लाभ उनको आगे जब वे पुलिस की भर्ती या अन्य नौकरियां तलासने जायेंगी ।

### भोपाल से दिल्ली का टिकट चार हजार एवं मुंबई का छह हजार रुपये से कम में मिलने लगा। यात्रियों को राहत

## मानसून शुरू होते ही हवाई किराया कम हुआ

■ भोपाल, यशभारत।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के नए दिशा-निर्देश और मानसून की शुरूआत के साथ ही हवाई किराये में कमी आ गई है। ग्रीष्मकालीन अवकाश के समय किराये में अचानक बढ़ोतरी कर दी गई थी। मनमाने किराये से यात्रियों को परेशान होना पड़ रहा था। अब किराये में कमी से यात्रियों को राहत मिली है। स्कूल खुलने के बाद से बुकिंग भी कम हो रही है। ग्रीष्मकाल में एयरलाइंस कंपनियों को पैसेंजर लोड 90 प्रतिशत तक मिल रहा था। बेंगलुरु एवं हैदराबाद जैसे रूट पर एक ही उड़ान होने से यात्रियों को मनमाने किराये पर सीट बुकिंग करानी पड़ रही थी। इस पर डीजीसीए ने एयरलाइंस कंपनियों से किराये की समीक्षा करने को कहा था। इसी दौरान ग्रीष्मकालीन अवकाश भी




समाप्त हो गए। स्कूल, कालेज खुलने से पर्यटन के विभिन्न शहरों की ओर जाने वालों की संख्या भी कम हो गई। पैसेंजर लोड कम होने के कारण भी किराये में कमी आई है।

### लो-फेयर स्कीम का लाभ नहीं

भोपाल से विभिन्न शहरों के लिए संचालित उड़ानों में यात्रियों को आमतौर पर एयरलाइंस कंपनियों की लो फेयर स्कीम का लाभ नहीं मिल पाता। कंपनियां वर्ष में एक या दो बार एक निश्चित समय के लिए बुकिंग कराने पर एक हजार से दो हजार रुपये के बीच में टिकट उपलब्ध कराती हैं। लेकिन सीटों की कम संख्या के कारण इसका लाभ कम ही लोगों को मिल पाता है। ट्रैवल एजेंट ओमप्रकाश के अनुसार जिन शहरों में उड़ानों की संख्या अधिक है, वहां प्रत्येक उड़ान में कई सीटें खाली रह जाती है। ऐसे शहरों के यात्रियों को ही स्कीम का लाभ मिल पाता है। ट्रैवल एजेंट्स के अनुसार डीजीसीए के नए दिशा-निर्देशों से उन यात्रियों को सुविधा होगी जो अचानक बुकिंग कराते हैं। स्पाट फेयर में कमी होने से यात्रियों को प्रोत्साहन मिलेगा।

### भोपाल से विभिन्न शहरों का हवाई किराया

शहर – स्पाट फेयर – प्री-बुकिंग फेयर
दिल्ली – 3973 रुपये – 3973 रुपये
मुंबई – 5130 रुपये – 4918 रुपये
बेंगलुरु – 9484 रुपये – 4435 रुपये
हैदराबाद – 10063 रुपये – 7648 रुपये




# जर्जर स्कूल भवन में पढ़ने को मजबूर बच्चे

**एक कमरे में लग रही पांच क्लास**

**बेलखाड, यशभारत।** बेलखाडू संकुल अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला खैरी ग्राम के बच्चे जर्जर भवन में पढ़ने को मजबूर हैं जिसमें कमजोर छत से प्लास्टर उखड़ रहा है। दीवारों में बड़ी-बड़ी दरारें हो रही हैं। दरवाजे व खिड़कियां टूट-फूट गई। कमरों की छत से प्लास्टर गिरता है खैरी शासकीय स्कूल मैं दो कमरे हैं जिसमें एक कमरा की स्थिति बिल्कुल जर्जर हो चुकी है खिड़की दरवाजे टूट गए हैं आए दिन सीमेंट रेत जगह-जगह से टपकती रहती है जिसके चलते दूसरे रूम में 1 से लेकर 5 तक की कक्षाएं एक ही कमरे में लग रही हैं लेकिन उस कमरे की स्थिति जर्जर हालत में है बारिश में पानी पता है और कमरे में भर जाता जिसके चलते बच्चों एवं शिक्षकों को डर बना रहता है

### बरसात के मौसम में होती है बड़ी परेशानी

बरसात के मौसम में छत से पानी का रिसाव होने से क्लास रूम में पानी भर जाता है। इससे बच्चों को पढ़ाई काफी प्रभावित होती है। भवन की जर्जर स्थिति को लेकर कई बार इसकी शिकायत की गई लेकिन जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे है ग्रामीणों का कहना है कि अगर जिम्मेदारों ने समय रहते कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाए तो यहां बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता।



### जर्जर किचिन रूम में लग रही आंगनवाड़ी

ग्राम खैरी मैं आंगनवाड़ी भवन ना होने के कारण वहां पर आंगनवाड़ी स्कूल के किचन सेट के जो रूम है उसमें आंगनवाड़ी संचालित हो रही है जिसमें वही बच्चों को खाना बनता है और वही आंगनवाड़ी वाले बच्चे बैठकर पढ़ते हैं

### ग्रामीण बच्चों को स्कूल भेजने में कतराते हैं

ग्रामीण जनों को अपने बच्चों को स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र भेजने में उनको डर लगने लगा है क्योंकि स्कूल और आंगनवाड़ी भवन की जर्जर स्थिति हो गई है जिसके चलते आए दिन कभी छत से छज्जा गिरता है तो कभी खिड़की दरवाजे टूटते हैं जिसके चलते बच्चों को लेकर डर बना रहता है लेकिन फिर भी मजबूर हैं बच्चों को पढ़ाने के लिए

### इनका कहना

हमारे ग्राम के स्कूल की हालत करीब 3 साल से बहुत जर्जर हो चुकी है बारिश में पानी टपकता है बच्चों को बैठने तक के लिए जगह नहीं रहती हैं स्कूल के किचन रूम में आंगनवाड़ी लगती है

**सन्जू ठाकुर ग्रामवासी**

स्कूल के खिड़की दरवाजे टूटे पड़े हुई है जगह-जगह छत का प्लास्टर गिर रहा बारिश में पानी भर जाता है हमें बच्चों को स्कूल भेजने में डर लगता है

**संतोष कुशवाहा ग्रामवासी**



जर्जर स्कूल भवन की जानकारी मिली है ग्राम पंचायत के मद के जरिए जल्द कार्य की जानकारी ले कर मरम्मत का कार्य कराया जाएगा

**प्रमोद श्रीवास्तव संकुल प्राचार्य बेलखाडू**

# गोटेगांव नगर की बिजली व्यवस्था चरमराई

**भीषण उमस में गर्मी का दंश झेल रही जनता**

**गोटेगांव, यशभारत।** नगर में विगत कई दिनों से बिजली की व्यवस्था चरमरा गई है दिन में 50 बार बिजली का बंद होना आधी रात को बिजली बंद होना चाहे जब बिजली बंद हो जाना ना हवा चलना ना आंधी तूफान उसके बाद भी बिजली का बंद हो जाना नगर में जन चर्चा का विषय बनता जा रहा है बिजली विभाग किंकर्तव्यविमूढ़ बना हुआ है समय रहते लाइन का मेंटेनेंस ना होने के कारण चाहे जब नगर की लाइट बंद कर दी जाती है जिस कारण जनमानस का जीवन दुखद हो रहा है भारी चिपचिपाहट भरी गर्मी के कारण लोग बेचैन हो रहे हैं वहीं पर बिजली विभाग अपनी तानाशाही के चलते बगैर आंधी तूफान एवं बगैर कोई पूर्व सूचना के घंटों के लिए बिजली बंद कर देता है जिससे नगर की जनता का जीवन बद से बदतर होता जा रहा है कहीं ऐसा ना हो कि नगर की जनता का बिजली विभाग के ऊपर अपना गुस्सा फूट पड़े और यह गुस्सा उग्र आंदोलन का रूप ना ले पाए बेहतर होगा विद्युत व्यवस्था को ठीक करके नगर में सुचारू विद्युत प्रदाय जारी रखा जाए बार-बार बिजली बंद करने की अपेक्षा एक बार बंद करके लाइन को दुरुस्त करके बिजली व्यवस्था सही की जाए जवाबदार अधिकारी एवं बिजली विभाग बार-बार बिजली बंद होने पर ध्यान दें।



# महाराजश्री का भव्य दिव्य प्रवचन

**गोटेगांव, यशभारत।** चातुर्मास्य व्रत उत्सव में पूज्यपाद अनंत श्री विभूषित उत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरू शंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद-सरस्वती जी महाराज श्री का भव्य दिव्य प्रवचन पंडाल में पदार्पण ! आज से परमहंसी गंगा में बहेगी ज्ञान की गंगा - जो भी भक्तजन इस ज्ञान गंगा में गोता लगाना चाहे वह नित्य प्रति परमहंसी गंगा आश्रम ज्योतेश्वर में प्राचीन ज्योतिरीश्वर मंदिर मेला प्रागण में नित्य प्रति 3 बजे से 6 बजे तक यहाँ आ कर अपने इस बहुमूल्य मानव जीवन को कृतार्थ कर सकता है। सर्वप्रथम पूज्य महाराज श्री के द्वारा ब्रह्मलीन द्विपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य जी माहराजश्री का पूजन कर वैदिक विद्वानों के द्वारा मंगलाचरण एवं जगद्गुरुकुलम के बटुकों के द्वारा शुक्लयजुर्वेद का पाठ कर मंच का शुभारंभ हुआ ! आयोजन समिति के सदस्यों के द्वारा पादुका पूजन की गई ।तत्पश्चात् पूज्यपाद ज्योतिषपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः अविमुक्तेश्वरान्द-सरस्वती जी महाराज श्री ने अपने मुखारविंद से श्रीमद् भागवत महापुराण के माहात्म्य की कथा एवं भक्ति चरित्र श्रवण कराया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्रह्मचारी ब्रह्मविद्यान्द ,ब्रह्मचारी निर्विकल्पस्वरूप, देवी शारदाम्ब, देवी पूर्णाम्बा, अमरीशानंद सरवाती , आचार्य पंडित रविशंकर द्विवेदी, आचार्य पंडित राजेन्द्र शास्त्री, आचार्य पंडित राजकुमार शास्त्री, रघुवीर शास्त्री, सुंदर पाण्डे, के.के. द्विवेदी, पंडित सोहन शास्त्री, अरविंद मिश्रा, बद्री प्रसाद चोकसे, नारायण गुप्ता आदि उपस्थित रहे !

# गोटेगांव में युवा कांग्रेस के द्वारा पुतला दहन



गोटेगांव, यशभारत। स्थानीय गोटेगांव में आज युवक कांग्रेस गोटेगांव के द्वारा सीधी पेशाब कांड के विरोध में नगर के फुवारा चौक पर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गौरतलब है कि भाजपा विधायक प्रतिनिधि ने आदिवासी युवक पर पेशाब किया एवं भाजपा सरकार में आदिवासियों पर लगातार अत्याचार हो रहे हैं सीधी में भाजपा विधायक प्रतिनिधि प्रवेश शुक्ला ने सारी हदें पार करते हुए एक आदिवासी युवक के चेहरे और शरीर पर पेशाब कर दिया है इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए कम हैं

एक ओर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री और उनकी सरकार प्रदेश में स्वयं को आदिवासी हितैषी होने का ढिढोरा पीटती हैं वहीं दूसरी ओर उनके ही दल के पदाधिकारी प्रदेश में आदिवासियों पर खुलेआम बखौक होकर ऐसी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं सीधी की घटना की युवा कांग्रेस गोटेगांव कड़े शब्दों में निन्दा करती है एवं मुख्यमंत्री आदिवासियों से सार्वजनिक रूप से मॉफी मांगे और आरोपी के ऊपर कड़ी कार्यवाही कर उसके घर पर बुलडोजर चलाया जाए ऐसी मांग युवा कांग्रेस गोटेगांव के द्वारा की गई कार्यक्रम युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अमित तिवारी के नेतृत्व में किया गया । इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण तिवारी,दीनू छिरा पूर्व पार्षद,अजय पटेल,दीपक नेमा विधायक मीडिया प्रभारी,आकाश पटेल,राजेश चौकसे,संजू चौहान आईटी सेल प्रभारी,मीनू राजपूत नगर अध्यक्ष, सूर्यासिंह राजपूत,कैलाश झारिया सेक्टर प्रभारी,नगर महासचिव मयंक छिरा,आशीष राय,सुमित राय,बलराम राजपूत सेक्टर प्रभारी,जितेंद्र राय, प्रवीण राजपूत,आरिफ खान, प्रवेश राजपूत,दुर्गेश सिलावट,मोनू परसवाल,छोटू राजपूत,अशोक झरिया,रामजी पटेल,मंत्री खान,रुपेश यादव,हेमंत मेहरा,अक्षत खान,रामजी ठाकुर, सतेन्द्र पटेल,हरी कुशवाहा,पवन कुशवाहा, राहुल कुशवाहा,संदीप पटेल,अभिषेक दुबे सहित अन्य सैकड़ों युवक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सेन समाज पनागर को भवन किया समर्पित



**पनागर, यशभारत** .क्षेत्रीय सेन समाज पनागर के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में श्री चोखे लाल सेन द्वारा अपने पूज्य पिताजी स्व. श्री विष्णु प्रसाद सेन एंव माता जी श्रीमती लालची बाई जी की स्मृति में बनवाये गए कक्ष का लोकार्पण सेन समाज के वरिष्ठ समाज सेवी श्री संतोष उसरेठे (पूर्व जनपद अध्यक्ष पनागर) के कर कमलों द्वारा समाज के वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। चोखे लाल ने यह कक्ष सेन समाज को समर्पित किया। गुरु पूर्णिमा पर भगवान् भोले नाथ , सती माई फिर संत शिरोमणि श्री श्री 1008 सेन जी महाराज का पूजन अर्चन किया और प्रसाद वितरण किया गया । सेन समाज के अंबिका सेन, शंकर लाल , रामकृष्ण, दुर्गा प्रसाद, मदनलाल, नरेंद्र उसरेठे ,डां. के सी सेन, मिठाई लाल सेन ,मनीष सेन ,हरि सेन, डी के सेन आदि पनागर के सभी स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे अंत में नरेन्द्र सेन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# जनपद पंचायत कुंडम के अंतर्गत 40 ग्राम पंचायतों में आधे अधूरे पड़े हैं निर्माण कार्य

**कुंडम, यशभारत**। कुंडम जनपद पंचायत के अंतर्गत 40 ग्राम पंचायतें हैं जिनके आधे अधूरे निर्माण कार्य पहली बारिश में ही बह गए खेत तालाब स्टॉप डैम चेक डैम ग्राम पंचायत चौरई भैंसवाही ,शहदरा , गौरी , आमा टिटहा, बरखेड़ा, टुरका ,सतावेली, जमगांव, फिफरी, तिलसानी, पड़रिया, नवर गांव, जुझारी, भजिया, खिन्हा, कुंडम , झिरमिला, कोसम डोगरी, बघराजी, लादवार, महगवा, हरदुली, कूड़े हरदुली, सहित कम से कम 40 ग्राम पंचायतों में बिल्डिंग निर्माण रंगमंच निर्माण नाली निर्माण सीसी रोड निर्माण कुंआ निर्माण स्टॉप डेम निर्माण खेत तालाब निर्माण रामसर घाट निर्माण चेक डैम निर्माण में जमकर धांधली हुई है जिससे ग्रामीण जनों में आक्रोश देखा जा रहा है उपयंत्री पूर्व सहायक मंत्री अपना अपना कमीशन लेकर चुपचाप बैठे हैं कुंडम जनपद पंचायत में 5 वर्षों से पदस्थ उपयंत्रीयों का खुलेआम शासन की योजनाओं को भ्रष्टाचारी की बलि चढ़ा रहे हैं कुंडम आदिवासी क्षेत्र होने के कारण यहां के भोले-भाले सरपंच सचिवों को वर्तमान उपयंत्रीयों ने लूट मचा रखी है वेंडरों को घटिया निर्माण कराकर सीधे शासन की राशि से होली खेली जा रही है यहां पदस्थ उपयंत्रीयों का अच्छा खासा दबदबा बना रखा है और भोले भाले सरपंच सचिवों को मनरेगा एवं स्वच्छता विभाग के निर्माण कार्यों में करोड़ों रुपयों की हेराफेरी कर रहे हैं कलेक्टर जबलपुर एवं जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी से जांच कर दोषी उपयंत्रीओं को तत्काल हटाने की मांग की है और जनपद पंचायत कार्यालय में चल रहे जंगलराज की जांच की जाए

# दो शाल से नही मिल रहा किराया एक सप्ताह का दिया अल्टीमेटम



## सिहोरा मझौली वेयरहाऊस एसोसियेशन ने सौंपा ज्ञापन

**सिहोरा , यशभारत।** सिहोरा मझौली के वेयर हाउस संचालक किराया न मिलने से भारी परेशान हैं और अब उनने शाखा प्रबंधक को सीधे सीधे 7 जुलाई से एक सप्ताह के अल्टीमेटम के साथ शाखा परिसर में ही आमरण अनशन तक करने की चेतावनी भरा ज्ञापन दे हुए कहा है कि अगर एक सप्ताह के अंदर एम पी डब्लू एल सी शाखा सिहोरा से धान एंव गेहूं के किराया का भुगतान नहीं होता तो वेयर हाउस गोदाम से निकासी भुगतान पूर्णतः बंद कर दी जायेगी जिसकी सम्पूर्ण जबाबदारी प्रशासन की होगी। सौंपे गये ज्ञापन में सिहोरा मझौली वेयरहाउस एसोसिएशन ने कहा है कि हमलोगों द्वारा अनेक दिनों से लगातार मौखिक एवं लिखित रूप से सूचित किया जा रहा है कि वेयरहाऊस में भण्डारित स्कंद (धान, गेहूँ, मूंग, चना) का विगत वर्षो से किराया का भुगतान लंबित है जिसे शीघ्र कराया जाये पर प्रशासन के कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है जबकि हम सभी वेयरहाऊस के एकाउंट एन पी ए हो रहे हैं। एंव बैंको द्वारा लगातार लोन की वसूली एवं निलामी के नोटिस दिए जा रहे हैं एवं वेयरहाऊस का मेंटिनेंस जैसे कीटोपचार, चौकीदार,बिजली बिल देने में भी अब असमर्थ होते जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में आखिर गोदाम संचालक क्या करें । प्रशासन अपनी राशी वसूलने में देरी नहीं करता लेकिन हमलोगों को किराया देने में देरी कर रहा है आखिर ये कहां का न्याय है। इस अवसर पर संघ के वीरु शुक्ला,सुरेंद्र मिश्रा, अरुण जैन,अमित पटेल,अतुल जैन,श्याम शुक्ला,आकाश ब्रिजपुरिया,अंशुमान अवस्थी,शैलेश गुप्ता,विनय जैन,दीपक तनेज़ा, दिनेश पहारिया,दिलीप सिंह,आलोक त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।

# गोंड समाज महासभा ने सौंपा ज्ञापन



**सिहोरा, यशभारत।** गोंड समाज महासभा तहसील इकाई सिहोरा के द्वारा ज्ञापन सौंपा गया जिसमें कहा गया है कि मध्यप्रदेश में आदिवासियों के ऊपर दिन प्रतिदिन अत्याचार होने के साथ उनका शोषण किया जा रहा है।इसी संदर्भ में कुछ दिनों पहले सीधी में भाजपा कार्यकर्ता प्रवेश शुक्ला का आदिवासी युवक वाला एक मामला संज्ञान में आया जिसके विरोध में महासभा द्वारा महामहिम राष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर आरोपी के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग की गई। दूसरे के ज्ञापन में सिहोरा नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत स्थित प्राचीन ऐतिहासिक धरोहर है तालाब, कुआ, बावड़ी के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं नगर पालिका अध्यक्ष को भी ज्ञापन दिया गया।इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष नवनीत सिंह,सुशील मरावी,अनिल दहिया,अमर सिंह कुलस्ते,अक्षय बड़करे, पुष्पराज सिंह आयाम,सुरेश बैगा,विजय बैगा,सुभाष मरावी,योगेंद्र सिंह भट्टी, द्वारका कोरी,लता मरावी,क्रांति बैगा,जमुना मरावी,सोनू ठाकुर,दादूराम बैगा,श्याम चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# अवैध हथियार से लोगों को डराने धमकाने वाले को सश्रम कारावास

नरसिंहपुर यशभारत। सरेराह अवैध हथियार से आम जन को डराने धमकाने वाले आरोपी भूरा उर्फ अरविंद पिता सत्य नारायण उम्र 35 वर्ष निवासी शारदा मंदिर के पास गयादत्त वार्ड, थाना स्टेशनगंज जिला नरसिंहपुर को न्यायालय, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी परिधि शर्मा के न्यायालय द्वारा धारा 14 मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत दोषसिद्ध पाये जाने पर 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। जिला मीडिया सेल प्रभारी द्वारा बताया गया कि घटना दिनांक 9 अप्रैल 2019 को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि गयादत्त वार्ड निवासी भूरा उर्फ अरविंद बुधोलिया को जिला दण्डाधिकारी नरसिंहपुर के आदेशों की अवहेलना कर एसडीएम स्कूल के सामने मुख्य मार्ग पर अपने हाथ में अवैध रूप से लोहे की खुली बकानुमा तलवार लिये हुये घूम रहा था और आम लोगों को भयभीत कर रहा था। मुखबिर की सूचना के आधार पर हमराह स्टाफमौके पर पहुंचा देखा तो भूरा उर्फ अरविंद बुधोलिया नामक व्यक्ति अपने हाथ में अवैध रूप से खुला लोहे का चाकू लिये हुये घूम रहा था जिसे पुलिस टीम द्वारा पकड़ा गया।

# प्रवेश द्वार का भूमि पूजन

**बरेला, यशभारत।** 7 जुलाई 2023 गुरुवार पंडित राम शंकर बन्नी लाल पाठक ट्रस्ट कॉलेज बरेला का प्रवेश द्वार बनने का भूमि पूजन किया गया इस अवसर पर प्राचार्य जे .पी. चौरसिया ,आर एस मिश्रा, जुगल किशोर मेवारी, ट्रस्ट अध्यक्ष सुभाष चौरसिया ,सचिव कैलाश केसरवानी ,सदस्य समर सिंह पटेल ,समाजसेवी सतीश साहू उपस्थित रहे।



# श्री शांतिनाथ महिला परिषद ने किया वृक्षारोपण



**पनागर, यशभारत।** श्री शांतिनाथ महिला मंडल पनागर द्वारा नगर में विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया इस अवसर पर आपने बड़े जैन मंदिर जी के सदलगा भवन प्रांगण में मीठी नीम, अजवायन, बिही, तुलसी, ऐलोबेरा, आदि के मनमोहक एवं सुंदर वृक्ष लगाये, एवं विद्यासागर वार्ड स्थित श्री 1008 चंदा प्रभु जिनालय नायक जी मंदिर प्रागंण स्थित धर्मशाला प्रांगण में सो एवं मनमोहक पत्ती लगाई इस कार्यक्रम में अध्यक्ष श्री मति समीक्षा चौधरी, सचिव श्री मति रजनी मोदी, कोषाध्यक्ष- अंशु लसगरी, सालनी लसगरी, शिल्पी चौधरी, प्रिया मोदी, रीना आंनद जैन आदि सभी ने अपनी उपस्थित दर्ज करा कर कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की

# कलेक्टर ने मूंग उपार्जन केन्द्रों का किया निरीक्षण



**नरसिंहपुर यशभारत।** जिले में समर्थन मूल्य पर किसानों से ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन कार्य जारी है। किसानों से 31 जुलाई तक मूंग की खरीदी की जाएगी। कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने गाडरवारा में ऋषभ वेयर हाऊस कामती, स्वामी वेयर हाऊस, मां रेवा वेयर हाऊस एवं मालपानी वेयर हाऊस गुजरझिरिया और तेंदूखेड़ा में श्री कान्हा वेयर हाऊस ऊमरपानी एवं हरिओम वेयर हाऊस जमुनिया का निरीक्षण किया। कलेक्टर सुश्री बाफना ने वेयर हाऊस में अब तक खरीदी गई मूंग एवं वेयर हाऊस द्वारा जारी किये गये स्वीकृति पत्रकों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा बुक किये गये स्लॉट के अनुसार ही खरीदी की जाये। किसी भी स्थिति में नान एफएक्यू मूंग की खरीदी न हो। अन्यथा सर्वेयर पर कार्रवाई की जायेगी। वेयर हाऊस में ग्रेडर का उपयोग किया जाये। इसके लिए जो निर्धारित राशि तय की गई है, उससे अधिक पैसे किसानों से न लिये जायें। उन्होंने प्रभारी उप संचालक कृषि डॉ. आरएन पटैल को निर्देश दिये कि जिले में बनाये गये समस्त मूंग उपार्जन केन्द्रों पर ग्रेडर द्वारा सफाई की राशि का रेट चार्ट लगवाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि वेयर हाऊस में वारदानों की पर्याप्त उपलब्धता रहे, वारदाने फटे नहीं हो। वारदानों की सिलाई अच्छे से की जाये, इसमें केन्द्र का नाम पर्ची में स्पष्ट रूप से उल्लेखित हो। बारिश को देखते हुए खरीदी खुले में नहीं हो। वेयर हाऊस में किसानों के लिए बैठक व्यवस्था, पानी आदि मूलभूत सुविधायें हो। ऋषभ वेयर हाऊस कामती, स्वामी वेयर हाऊस, मां रेवा वेयर हाऊस में उक्त व्यवस्थायें नहीं होने पर वेयर हाऊस को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इस दौरान कलेक्टर सुश्री बाफना ने केंद्र पर आए किसानों से चर्चा की।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई

**नरसिंहपुर यशभारत।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत जिले में खरीफ वर्ष 2023-24 ऋणी एवं अऋणी किसान अधिसूचित फसलों का बीमा 31 जुलाई तक करा सकते हैं। कृषक फसल बीमा वित्तीय संस्थाओंध् व्यवसायिक ग्रामीण सहकारी बैंक व कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से करा सकते हैं। जिले में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के व्यापक प्रचार- प्रसार के लिए एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कम्पनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के प्रचार रथ को उप संचालक कृषि श्री आरएन पटैल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सहायक संचालक कृषि श्रीमती सीमा डेहरिया, कृषि विभाग के अधिकारी- कर्मचारी, फसल बीमा कम्पनी के जिला प्रबंधक सोनू वडोले व अन्य कर्मचारी मौजूद थे। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत मौसम खरीफ वर्ष 2023 के लिए अधिकृत पटवारी हल्का अंतर्गत किसानों की फसलों का बीमा करने के लिए बैंकों द्वारा प्रीमियम जमा किए जाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। किसानों के लिए भारत सरकार का फसल बीमा पोर्टल पर बैंकों द्वारा समय सीमा में प्रविष्टि किया जाना आवश्यक है। उप संचालक कृषि आरएन पटेल ने बताया कि बोई गई फसलों की बाढ़, प्रतिकूल मौसम, प्राकृतिक आपदाओं से क्षति की स्थिति में बीमित फसल के नुकसान होने पर और किसानों की आय जोखिम को कम करने के लिए सरकार द्वारा किसान हितैषी फसल बीमा योजना लागू की गई है।

# कलेक्टर ने की पंचायतों की वन टू वन विकास कार्यों की समीक्षा

**बरेला, यशभारत।** आज बरेला सामुदायिक भवन में कलेक्टर महोदय ने सभी पंचायतों की बन टू बन विकास कार्यों एवं जनकल्याण करी योजनाओं की समीक्षा की एवं जनप्रतिनिधियों से संवाद किया समस्या जानी सीएम राइज स्कूल का निरीक्षण भी किया कलेक्टर सौरव सुमन,जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष बरकडे,भाजपा जिला अध्यक्ष सुभाष तिवारी जी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे,जिला पंचायत ष्ष्,जनपद ष्ष्,एस डी एम पी के सेन गुप्ता,पूर्व उपाध्यक्ष सोनू सोनकर,चंदन पटेल,मुनि विश्वकर्मा,दीपक सोनकर, सरपंच शेंकि राय, स्वेता भानु नवेरिया,आलोक दुबे,पंकज पटेल, सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# तमीम इकबाल के रिटायरमेंट के बाद बांग्लादेश क्रिकेट में हड़कंप, प्रधानमंत्री शेख हसीना ने उठाया बड़ा कदम





**नई दिल्ली, एजेंसी।** वनडे विश्व कप 2023 अब करीब तीन महीने की दूर है। टीमों की तैयारी अब आखिरी चरण की ओर बढ़ रही है। इस बीच क्वालीफायर खेलकर दो और टीमें ने विश्व कप में एंट्री कर ली है और अब दस टीमें पूरी हो गई हैं। लेकिन इस बीच बांग्लादेश क्रिकेट में हड़कंप सा मचा हुआ है। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के कप्तान और दुनिया के शानदार क्रिकेटरों में शुमार तमीम इकबाल ने शुक्रवार को अचानक क्रिकेट से रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया था। इसके बाद मानो पूरे बांग्लादेश में तूफान सा खड़ा हो गया था। वैसे तो किसी भी खिलाड़ी का संन्यास एक रूटीन प्रक्रिया है, लेकिन तमीम इकबाल ने प्रेस कॉफ्रेंस कर अपना दुख जताया और बीच में फूट फूट कर रोने भी लगे, इससे मामला कुछ गंभीर हो गया था। इसके बाद बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना को भी बीच में आना पड़ा और अब बड़ा फैसला लिया गया है।

## शेख हसीना से बात के बाद तमीम इकबाल ने वापस लिया फैसला

तमीम इकबाल के रिटायरमेंट के एक दिन बाद ही बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड नजमुल हसन ने कहा था कितमीम को रिटायरमेंट के फैसले पर एक बार फिर से विचार करना चाहिए। इस बीच खबर ये भी आई कि बांग्लादेश ने अपने नए कप्तान का भी ऐलान कर दिया है। कुछ रिपोर्ट में दावा किया गया था कि लिटन दास को कप्तानी की जिम्मेदारी दे दी गई है। लेकिन इसी बीच एक बड़ा घटनाक्रम सामने आया। पता चला कि प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात के बाद तमीम इकबाल ने अपना रिटायरमेंट वापस ले लिया है। यानी अब वे फिर से खेलते रहेंगे। हालांकि अभी ये तो पता नहीं चल पाया है कि शेख हसीना और तमीम इकबाल के बीच क्या बात हुई, लेकिन प्रधानमंत्री तमीम इकबाल को मनाने में कामयाब हो गई। अब कम से कम विश्व कप 2023 तक तो तमीम इकबाल खेलते रहेंगे। लेकिन वे बतौर कप्तान वापसी करेंगे या नहीं, इसका ऐलान बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की ओर से किया जाएगा।

## तमीम इकबाल ने मीडिया के सामने रोते हुए कहा था क्रिकेट को अलविदा

इससे पहले शुक्रवार को हुए घटनाक्रम में दोपहर करीब 12 बजे तमीम इकबाल ने अचानक प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई। इसी में उन्होंने अपने रिटायरमेंट का ऐलान किया। मीडिया से बात करते हुए तमीम काफी भावुक नजर आए और संन्यास के ऐलान के वक्त रो भी पड़े। उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए अंत है। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है, मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है। मैं इस क्षण से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं। मैं अपने सभी साथियों, कोच, बीसीबी अधिकारियों, अपने परिवार के सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूं। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए तमीम ने कहा कि जो लोग मेरी लंबी यात्रा के दौरान मेरे साथ रहे। उन्होंने मुझ पर विश्वास बनाए रखा। मैं फैंस को भी धन्यवाद देना चाहता हूं। मेरे प्रति आपके प्यार और विश्वास ने मुझे बांग्लादेश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित किया। मेरे जीवन का अगले अध्याय के लिए मैं आपकी प्रार्थनाएं मांगना चाहता हूं। कृपया मुझे अपनी प्रार्थनाओं में रखें।

## तमीम इकबाल के आंकड़े

तमीम इकबाल के आंकड़ों की बात की जाए तो उन्होंने अपनी टीम के लिए 70 टेस्ट मैच खेले और 38.89 की औसत से 5134 रन बनाने कामयाब रहे हैं। उनके नाम 10 शतक भी हैं। उन्होंने इस फॉर्मेट में आखिरी बार अप्रैल में आयरलैंड के खिलाफ खेला था। वहीं वनडे क्रिकेट की बात करें तो उन्होंने 241 मैच खेले और 36.62 की औसत से 14 शतक और 56 अर्धशतक के साथ 8313 रन बनाए। तमीम ने बांग्लादेश के लिए वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में भी अपना करियर समाप्त किया था। लेकिन अब आगे भी उनकी बल्लेबाजी जारी रहेगी। वे अपने आंकड़ों में और भी ज्यादा इजाफा कर पाएंगे।

# बेन स्टोक्स ने टेस्ट क्रिकेट में कर दिया बड़ा कारनामा, सिर्फ दो खिलाड़ी ही कर पाए थे ऐसा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने एशेज 2023 के दूसरे टेस्ट में लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर शानदार शतकीय पारी खेली थी। अपने उसी फॉर्म को अंग्रेज ऑलराउंडर ने लीड्स में बरकरार रखा और अपनी टीम के बड़ी मुश्किल से बाहर निकालते हुए शानदार 80 रन बनाए। लीड्स टेस्ट में इंग्लैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी के 263 रनों के स्कोर से बुरी तरह पिछड़ती दिख रही थी। लेकिन स्टोक्स ने एक छोर को संभाले रखा और निचले क्रम के साथ मिलकर स्कोर 237 रन तक पहुंचा दिया। एक समय करीब 100 से ज्यादा रनों से पिछड़ती दिख रही इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को सिर्फ 26 रनों की बढ़त दी। 80 रनों की इसी पारी के साथ बेन स्टोक्स ने टेस्ट क्रिकेट में एक बहुत बड़ा कारनामा कर दिया है।

## स्टोक्स ऐसा करने वाले पहले इंग्लिश क्रिकेटर

दरअसल बेन स्टोक्स ने वो कर दिखाया है जो इससे पहले इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में कोई नहीं कर पाया था। वहीं इंटरनेशनल क्रिकेट में भी उनसे पहले सिर्फ दो खिलाड़ियों ने ही ऐसा करके दिखाया था। अब स्टोक्स उस मुकाम को हासिल करने वाले तीसरे टेस्ट क्रिकेटर बन गए हैं। इस 80 रन की पारी में स्टोक्स ने 72 रन बनाते ही अपने 6000 टेस्ट रन पूरे कर लिए थे। इसके अलावा उनके नाम टेस्ट क्रिकेट में 197 विकेट भी दर्ज हैं। वह इस फॉर्मेट में 6000 रन के साथ 100 प्लस विकेट लेने वाले तीसरे खिलाड़ी बने। अगर इस मैच का संक्षिप्त विवरण करें तो इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी थी। पहले खेलते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 263 रन बनाए थे। मिचेल मार्श ने 118 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली थी। उनके अलावा कोई भी ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज अर्धशतक तक भी नहीं पहुंच सका था। मार्क वुड ने पांच विकेट लेकर कंगारुओं को परेशान किया था। जवाब में इंग्लिश टीम 237 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी के आधार पर 26 रनों की लीड मिली थी। पहले दिन इस मैच में 13 विकेट गिरे थे, वहीं दूसरे दिन चायकाल से पहले तक ही 8 विकेटों का पतन हो चुका था।

# सीरीज से पहले BCCI का बड़ा ऐलान, हो सकता है बहुत बड़ा बदलाव





**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में इस साल के अंत में वनडे वर्ल्ड कप खेला जाना है। इस मेगा इवेंट के लिए टीम इंडिया अभी से तैयारी में जुटी हुई। भारतीय टीम वर्ल्ड कप से पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घर पर सीरीज खेलेगी। इस सीरीज से पहले एक बदलाव किया जा सकता है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने शुक्रवार को एक बड़ा ऐलान किया है। जिसके कारण ये बदलाव किए जा सकते हैं। जय शाह ने भारत में दिखाए जाने वाले क्रिकेट मैचों के लिए मीडिया ब्रॉडकास्ट अधिकार पर एक बड़ा ऐलान कर सकते हैं।

## अगस्त के अंत में होगा फैसला

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने शुक्रवार को कहा कि क्रिकेट मैचों के मीडिया ब्रॉडकास्ट अधिकार अगस्त के अंत तक तय होंगे जिसमें आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज भी शामिल होगी जो 2023 वर्ल्ड कप से पहले सितंबर में प्रस्तावित है। शाह ने शुक्रवार की रात मीडिया से कहा कि मीडिया राइट्स करार अगस्त के अंत तक तय किए जाएंगे। भारत वर्ल्ड कप (सितंबर) से पहले आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैच खेलेगा और इस सीरीज के बाद ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज भी खेली जाएगी। नए मीडिया राइट्स करार की शुरुआत आस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे से होगी। पिछले मीडिया अधिकार 2018 से 2023 तक के लिए थे। इस वक्त भारत में इंटरनेशनल मुकाबले स्टार स्पोर्ट्स पर दिखाए जाते हैं। लेकिन नए मीडिया राइट्स किसी अन्य कंपनी को भी दिया जा सकता है।

## शाह ने दिया बड़ा अपडेट

शाह ने साथ ही कहा कि अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज को जनवरी में कराया जाएगा। इस तरह से यह अब पांच अक्टूबर से 19 नवंबर तक चलने वाले वर्ल्ड कप से पहले नहीं होगी। भारतीय पुरुष और महिला टीम हांगझोउ एशियाई खेलों के लिए भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि ए टीम और बी टीम में कोई अंतर नहीं होगा। शाह ने कहा कि हम एशियाई खेलों में हिस्सा लेंगे। शीर्ष परिषद ने हमारी पुरुष और महिला टीमों की भागीदारी की मंजूरी दे दी है। बीसीसीआई सचिव ने कहा कि बोर्ड भारतीय घरेलू सर्किट और इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास ले चुके खिलाड़ियों को रोकने के लिए जल्द ही एक नीति बनाएगा। उन्होंने कहा, ''हम इस पूर्व निर्धारित संन्यास के चलन को रोकने के लिए नीति बनाएंगे।

# 7 बार होगा भारत-पाकिस्तान के बीच महामुकाबला!




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय क्रिकेट संबंध पिछले कुछ सालों से अच्छे नहीं हैं। साल 2012 में दोनों टीमों ने आखिरी द्विपक्षीय सीरीज खेली थी। उसके बाद से सिर्फ मल्टीनेशन टूर्नामेंट जैसे एशिया कप या फिर आईसीसी टूर्नामेंट में ही दोनों टीमें एक दूसरे के खिलाफ खेलती हुई नजर आती हैं। पिछले साल एशिया कप टी20 फॉर्मेट में हुआ था तो वहां और टी20 वर्ल्ड कप में दोनों टीमें एक दूसरे के खिलाफ खेली थीं। अब इस साल फिर से एशिया कप और आईसीसी टूर्नामेंट वनडे वर्ल्ड कप में दोनों टीमें इस बार एक दूसरे के खिलाफ खेलेंगी। साल 2023 में भारत और पाकिस्तान के बीच फैंस को कुल 7 मुकाबले देखने को मिल सकते हैं। दरअसल हाल ही में भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने जानकारी दी है कि टीम इंडिया की बी टीम एशियन गेम्स में भी हिस्सा लेने वाली है। एशियाई खेल हैं तो पाकिस्तान की टीम भी इस टूर्नामेंट में शामिल हो सकती है। एशियन गेम्स हांगझोउ में 23 सितंबर से 8 अक्टूबर तक आयोजित होंगे और 5 अक्टूबर से भारत में वर्ल्ड कप खेला जाएगा। ऐसे में भारत की बी टीम इस इवेंट में खेलती नजर आएगी। यानी एशिया कप और वर्ल्ड कप के अलावा इस बार एशियन गेम्स में भी भारत और पाकिस्तान के बीच भिड़ंत हो सकती है।

## कब-कब होगा भारत और पाकिस्तान का महामुकाबला?

भारत और पाकिस्तान की टीमें साल 2023 में कुल 7 बार आमने-सामने हो सकती हैं। सबसे पहले एशिया कप 2023 में दोनों टीमें पहले लीग स्टेज, फिर सुपर 4 और उसके बाद अगर फाइनल में पहुंचती हैं तो वहां एक दूसरे का सामना कर सकती हैं। यानी कुल तीन बार एशिया कप में महामुकाबला हो सकता है। इसके बाद एशियन गेम्स में भी दो बार भारत और पाकिस्तान की भिड़ंत देखने को मिल सकती है। लीग मुकाबले के अलावा यहां नॉकआउट में भी आगे जाने पर भारत-पाकिस्तान का हाईवोल्टेज मैच देखने को मिल सकता है। फिर क्रिकेट के महाकुंभ वनडे वर्ल्ड कप 2023 में भारत और पाकिस्तान के बीच 15 अक्टूबर को महामुकाबला होना है। फिर इसके बाद अगर दोनों टीमें आगे बढ़ती हैं तो सेमीफाइनल या फाइनल में एक दूसरे के खिलाफ नजर आ सकती हैं। यानी अधिकतम सात बार इस साल भारत और पाकिस्तान की टीमें खेल सकती हैं। वरना अगर सिर्फ पक्के-पक्के मुकाबलों की बात करें तो करीब चार बार तो दोनों टीमों का एक दूसरे के खिलाफ खेलना तय ही है। एशिया कप में भारत और पाकिस्तान अगर फाइनल में पहुंचते भी नहीं हैं फिर भी लीग राउंड के बाद सुपर 4 में जाने का दमखम तो रखते ही हैं। ऐसे में यह साल क्रिकेट फैंस के फुल टू एक्शन पैक्ड होने वाला है। ऐसा बहुत लंबे समय बाद होगा जब भारत और पाकिस्तान के बीच एक साल में इतने मुकाबले खेले जाएंगे।

## रंग संसार





# 77 लाख रुपये की ड्रेस, दीपिका से लेकर आलिया तक, ये एक्ट्रेसेस पहनती हैं इतने महंगे कपड़े

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्लैमर की दुनिया में अगर ग्लैमरस ना दिखे तो फिर क्या दिखे. फिल्मी सितारों को आपने अब तक एक से बढ़कर एक कपड़ों में देखा होगा, लेकिन अगर हम आपसे उनकी ड्रेस की कीमत का अंदाजा लगाने को कहेंगे तो आप जरूर फेल हो जाएंगे. बॉलीवुड हों या टॉलीवुड स्टार्स, हर कोई दूसरों से अलग दिखने के लिए अपने ऊपर लाखों रुपये खर्च करता है. आज हम आपको ऐसे ही कुछ स्टार्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके ड्रेस की कीमत में 2क्काय प्लैट भी आराम से खरीदा जा सकता है.

### सामंथा रुथ प्रभु

साउथ की सुपरस्टार एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु को किसी इंट्रोडक्शन की जरूरत नहीं है. अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहने वाली सामंथा भी महंगे कपड़ों की शौकीन हैं. आपको जानकर हैरानी होगी कि सामंथा ने राणा दग्गुबाती और मिहिका बजाज की मेहंदी सेरेमनी में करीब 1 लाख 59 हजार रुपये की ड्रेस पहनी थी.

### दीपिका पादुकोण

बॉलीवुड की सुपरस्टार एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण जिस भी फिल्म में होती हैं, उनके हिट होने के चांस और भी बढ़ जाते हैं. दीपिका, हर पार्टी और सेरेमनी में शानदार कपड़ों में नजर आती है, उनकी नॉर्मल ड्रेस की कीमत भी हमारे-आपके कपड़ों से कहीं अधिक है. दीपिका ने मेट गाला 2019 में 75000 डॉलर यानी 50 लाख 50 हजार रुपये की ड्रेस पहनी थी.

### ऐश्वर्या राय बच्चन

बॉलीवुड एक्ट्रेस और पूर्व मिस वर्ल्ड ऐश्वर्या राय को कौन नहीं जानता. अपनी खूबसूरती से मेल फैंस के दिलों पर राज करने वाली ऐश्वर्या भी ब्रांडेड और महंगे कपड़ों की शौकीन हैं. उन्होंने मुकेश अंबानी की एक पार्टी में करीब 3 लाख 70 हजार रुपये का टुक्सेडो गाउन पहना था.

### उर्वशी रौतेला

एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला, अपनी फिल्मों से ज्यादा अपने फैशन और पर्सनल लाइफ को लेकर खबरों में बनी रहती हैं. उनकी ड्रेस की बात करें तो वो बेहद खास होते हैं. आपको जानकर हैरानी होगी कि नेहा कक्कड़ की शादी में उर्वशी रौतेला ने 55 लाख रुपये की साड़ी पहनी थी.

### सोनम कपूर

बॉलीवुड एक्टर अनिल कपूर की बेटी और एक्ट्रेस सोनम कपूर भी खुद को सबसे अलग दिखाने के लिए लाखों रुपये खर्च करती हैं. एक फंक्शन में उन्होंने 4 लाख 36 हजार रुपये की ड्रेस पहनी थी.

### आलिया भट्ट

बॉलीवुड की क्यूट और शानदार एक्ट्रेस आलिया भट्ट के बारे में तो आप जानते ही होंगे. रणबीर कपूर से शादी और मां बनने के बाद वो इन दिनों अपनी फैमिली के साथ समय बिता रही हैं. साल 2018 के एक अवॉर्ड फंक्शन में आलिया ने 23 लाख रुपये की ड्रेस पहनी थी.

### प्रियंका चोपड़ा

'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा, बॉलीवुड के बाद अब हॉलीवुड में तहलका मचा रही हैं. अपनी ग्लैमरस तस्वीरों को लेकर सुर्खियों में रहने वाली प्रियंका के ड्रेस की कीमत सबसे अधिक है. उन्होंने ग्रैमी अवॉर्ड 2020 में 77 लाख रुपये की ड्रेस पहनी थी.

### करीना कपूर खान

इंडस्ट्री की सदाबहार एक्ट्रेस करीना कपूर जो दो बच्चों की मां भी हैं, इसके बाद भी वो अपनी खूबसूरती से यंग एक्ट्रेसेस को मात देती हैं. अपनी ननद सोहा अली खान की बुक लॉन्च के मौके पर करीना ने 5.4 लाख रुपये कीमत का बिभु मोहपात्रा का कढ़ाईदार लॉन्ग स्लीव सिल्क शिफॉन गाउन पहना था।

# अल्लू अर्जुन और त्रिविक्रम फिर से करेंगे रोमांचित

**यह दोनों की होगी 4थी फिल्म**




**मुंबई (ईएमएस)।** साउथ के फिल्म निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास और अल्लू अर्जुन की ड्रीम टीम फिर से लोगों को रोमांचित करने आ रहे हैं। यह अल्लू अर्जुन और निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास की 4थी फिल्म होगी। इससे पहले यह जोड़ी दर्शकों को जुलयी, सन ऑफ सत्यमूर्ति और बहुप्रशंसित अला वैकुंठपुरमुलू दे चुके हैं। लोगों का कहना है कि प्रोडक्शन बैनर हरिका एंड हसीन क्रिएशन्स और गीता आर्ट्स ने अल्लू अर्जुन और त्रिविक्रम श्रीनिवास इस जोड़ी की इस फिल्म को बड़े भव्य पैमाने की बनाने जा रहे हैं। इस फिल्म के निर्माण के पीछे अल्लू अर्जुन के पिता अल्लू अरविन्द और एस.राधाकृष्ण हैं, जो इस फिल्म को पैन इंडिया के तौर पर बनाएंगे ।बीते कई दिनों से इस बात की चर्चा चल रही थी कि अल्लू अर्जुन आदिपुरुष का हश्र देखने के बाद आदित्य धर की महत्वाकांक्षी फिल्म द इम्मोर्टल अश्वत्थामा को साइन करने के इच्छुक नहीं हैं। सूत्रों के अनुसार, आदिपुरुष को मिली प्रतिक्रियाओं ने आदित्य धर की भारी वीएफएक्स वाली फिल्म से दूर कर दिया। अल्लू अर्जुन ने पुष्पा 2 के बाद अपनी अगली फिल्म - द रूल साइन की है। इसका निर्देशन त्रिविक्रम ने किया है। अभिनेता और निर्देशक ने अतीत में जुलायी (2012), सन ऑफ सत्यमूर्ति (2015) और ब्लॉकबस्टर अला वैकुंठपूर्मुलु (2020) जैसी सफल फिल्मों में सहयोग किया है। कथानक के बारे में ज्यादा कुछ नहीं पता है लेकिन यह पूरी तरह से सामूहिक मनोरंजन करने वाली फिल्म होने की गारंटी है।कहने की जरूरत नहीं है, त्रिविक्रम के साथ अल्लू अर्जुन की अगली फिल्म एक पैन-इंडिया फिल्म होगी और हिंदी के साथ-साथ अन्य भाषाओं और मूल तेलुगु संस्करण में भी रिलीज होगी। अल्लू अब भारत के सबसे बड़े सितारों में से एक हैं। पुष्पाः द राइज़ - पार्ट 01 (2021) ने उन्हें बेहद लोकप्रिय बना दिया है। इसके अलावा, हिंदी भाषी बाजारों में अला वैकुंठपूर्मुलु का व्यापक रूप से उपभोग किया गया है। दर्शक यह जानकर निश्चित रूप से उत्साहित होंगे कि अभिनेता-निर्देशक की जोड़ी एक फिल्म के लिए वापसी कर रही है। यह निश्चित रूप से सबसे प्रतीक्षित रिलीज में से एक होगी।हालांकि फिल्म को बनने में अभी समय लगेगा। अल्लू अर्जुन फिलहाल पुष्पा 2- द रूल में व्यस्त हैं, जो 2024 में रिलीज होगी और बॉक्स ऑफिस पर आग लगाने की भी उम्मीद है।

# मनोज मुंतशिर ने आदिपुरुष के लिए बिना शर्त मांगी माफी, बोले- जन भावनायें हुईं आहत



**मुंबई (ईएमएस)।** हिंदू महाकाव्य 'रामायण' पर आधारित फिल्म 'आदिपुरुष' पिछले महीने 16 जून को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. फिल्म को लेकर दर्शकों के बीच काफी क्रेज थे, जिसका असर पहले दिन देखने को मिला. हालांकि थिएटर्स में फिल्म देखने के बाद दर्शक बेहद निराश हुए और हंगामा मच गया. 'आदिपुरुष' के 'टपोरी' भाषा के डायलॉग, भगवान हनुमान का किरदार निभाने वाले एक्टर पर धार्मिक संवेदनाओं का अपमान करने का आरोप और मनोज मुंतशिर शुक्ला के बयानों के चलते खूब हंगामा हुआ. इन्हीं विवाद के चलते 'आदिपुरुष' बुरी तरह क्रैश कर गई और अब ज्यादातर सिनेमाघरों से फिल्म उतर चुकी है. इस बीच मनोज मुंतशिर शुक्ला ने अपनी गलती मानते हुए देश से माफी मांगी है. 'आदिपुरुष' की स्टोरी और डायलॉग राइटर मनोज मुंतशिर ने अपने एक ट्वीट में लिखा, 'मैं स्वीकार करता हूं कि फिल्म आदिपुरुष से जन भावनायें आहत हुई हैं. अपने सभी भाइयों-बहनों, बड़ों, पूज्य साधु-संतों और श्री राम के भक्तों से, मैं हाथ जोड़ कर, बिना शर्त क्षमा मांगता हूं. भगवान बजरंग बली हम सब पर कृपा करें, हमें एक और अटूट रहकर अपने पवित्र सनातन और महान देश की सेवा करने की शक्ति दें'. गौरतलब है कि आदिपुरुष की रिलीज के बाद फिल्म के डायलॉग्स को लेकर मनोज मुंतशिर की काफी आलोचना हुई थी और उन्हें धमकी भी मिली थी. हालांकि उस समय मनोज ने मुंबई से पुलिस सुरक्षा भी मांगी थी. 'आदिपुरुष' को लेकर हुए विवाद के बाद फिल्म के कुछ डायलॉग्स को बदल दिए गए थे. वहीं, आदिपुरुष को लेकर हाई कोर्ट भी फिल्म मेकर्स और सेंसर बोर्ड को लताड़ लगा चुका है. 'आदिपुरुष' लगभग 600 करोड़ के भारी-भरकम बजट में बनी है. हालांकि फिल्म को मुनाफा कमाने के लिए 1000 करोड़ रुपयों का कारोबार करना जरूरी है. बता दें कि बॉक्स ऑफिस कलेक्शन का 1 तिहाई हिस्सा ही मेकर्स की कमाई के तौर पर गिना जाता है. ऐसे में देखने वाली बात होगी की 'आदिपुरुष' टिकट खिड़की पर कितना बिजनेस कर पाती है.






चंदन कालोनी में बाइकर्स ने मचाया उत्पात, फोड़े कारों के कांच

# जन्मदिन - नशा और वारदात





**जबलपुर, यशभारत।** संजीवनी नगर थाना अंतर्गत में शनिवार की सुबह चार से पांच के बीच असामाजिक तत्वों ने जमकर उत्पात मचाया। बदमाशों ने पथराव कर चार कार समेत तीन वाहनों के कांच फोड़ डाले। घटना में स्थानीय निवासियों के कारों काकांच चकनाचूर हो गया। पीड़ितों ने संजीवनी नगर थाने में घटना की शिकायत दर्ज कराई है। कॉलोनी वासियों ने बताया कि पथराव करने वाले आधा दर्जन से अधिक उपद्रवी काले रंग की बाइक से आए थे। आरोपित पथराव के बाद कॉलोनी वालों को धमकी व गाली देते हुए भाग निकले।

## सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद

सीसीटीवी फुटेज में दो बाइक पर आधा दर्जन बदमाश नजर आ रहे हैं, लेकिन साफ दिखाई नहीं दे रहे हैं। इसी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों की धरपकड़ में लगी हुई है। बता दें, शहर में बाहर खड़े वाहनों के साथ तोडफ़ोड़ कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी इन्हीं कॉलोनी के साथ अन्य जगह वारदात सामने आती रही। घटना के बाद पुलिस ने कुछ लोगों संदिग्ध के तौर पर पूछताछ के लिए भी उठाया है। दूसरी तरफ लोगों को इसके लिए सतर्क होना पडेगा। जहां तक हो अपनी गाड़ी घर के अंदर ही रखें। बाहर रखें तो कवर करें।

## कालोनीवासी पहुंचे थाने

## पार्टी मनाने के बाद वारदात

शहर में वाहनों और कॉलोनी में उत्पात की वारदात में पूर्व में दो चीज सामान्य रही। जन्मदिन और नशा। इसके बाद वारदात। पूर्व में शताब्दीपुरम, संजीवनी नगर क्षेत्र में तोडफ़ोड़ की घटना में भी यह कनेक्शन रहा था। शहर के युवा सड़क पर जन्मदिन की पार्टी मनाते हैं। इसके बाद देर रात तक नशा करते हैं और फिर बाहर खड़े वाहनों को निशाना बनाते हैं। पिछली वारदात के खुलासे के दौरान पुलिस ने खुलेआम जन्मदिन पार्टी पर रोक लगाने के निर्देश भी दिए थे।

# आखिर क्यों हैं 59 दिन का सावन

## 4 नहीं 8 सोमवार का होगा श्रावण मास

**जबलपुर यश भारत।** श्रावण मास प्रारंभ हो चुका है। अब 2 दिन बाद श्रावण का पहला सोमवार है। शिव की भक्ति के लिए श्रवण का विशेष महत्व है। लेकिन इस बार श्रावण में चार नहीं आठ सोमवार पढ़ने वाले हैं। श्रवण इस बार 30 की जगह 59 दिन का है। जिसके चलते बहुत से लोगों के मन में कौतूहल है कि ऐसा क्यों है। किन ज्योतिष गणना के आधार पर इस बार दो माह का श्रावण माह आया हुआ है? जिसको लेकर यश भारत संचालक आशीष शुक्ला द्वारा अपने जीवन ज्योतिष कार्यक्रम में ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास से चर्चा की गई। जिसमें उन्होंने इस विशेष कारण को बताया और शिव को प्रसन्न करने के लिए कुछ अति महत्वपूर्ण मंत्र बताएं। जिसे आप यश भारत न्यूज़ चैनल और यश भारत के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रसारित होने वाले जीवन ज्योतिष कार्यक्रम में देख सकते हैं। जहां पंडित लोकेश व्यास ने चर्चा के दौरान कई महत्वपूर्ण बिंदु बताएं जो ज्योतिष की दृष्टि से तो महत्वपूर्ण है ही साथ ही साथ भगवान शिव की आराधना कर उन्हें प्रसन्न करने के लिए भी लाभदायक सिद्ध होंगे।



यू-ट्यूब की खबरें देखने के लिए स्कैन करें क्यूआर कोड





वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं

## ऐसे करें बाबा को प्रसन्न

चर्चा के दौरान कार्यक्रम संचालक आशीष शुक्ला द्वारा भोलेनाथ की स्तुति के विषय में चर्चा की गई। जिसके विषय में पंडित लोकेश व्यास द्वारा 3 महत्वपूर्ण मंत्र बताए गए। जिनकी स्तुति करने से देवों के देव महादेव प्रसन्न हो जाते हैं। जिसमें सपरिवार पूजन अर्चन के लिए भी विधि बताई गई और तंत्र की अधिष्ठात्री देवी महादेव की अर्धांगिनी को प्रसन्न करने के लिए भी मंत्र पंडित लोकेश व्यास द्वारा बताए गए। जिसे आप समाचार के साथ प्रकाशित क्यूआर कोड को स्कैन करके विस्तार से वीडियो में देख सकते हैं और उसका फायदा ले सकते।

## शिव की शरण में अहंकार का त्याग

चर्चा के दौरान बताया गया कि यदि शिव की शरण में जाना है तो अहंकार को त्याग कर जाना होगा। जिसके लिए उन्होंने चंद्रमा का उदाहरण दिया। जो अपनी संपूर्ण कलाओं के साथ शिव की शरण में पहुंचा था। लेकिन शिव ने उन्हें स्थान देने से मना कर दिया। उसके बाद चंद्रमा ने किस तरह शिव की शरण प्राप्त की इसकी जानकारी जीवन ज्योति कार्यक्रम में विस्तार से दी गई है। जिस के माध्यम से बताया गया है कि कैसे अहंकार का त्याग करने से भोलेनाथ की शरण मिलती है। जिसे आप वीडियो में जाकर विस्तार से देख सकते हैं साथ ही साथ अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां भी श्रावण सोमवार के संबंध में प्राप्त होगी।

## यह है कारण

चर्चा की शुरुआत में कार्यक्रम संचालक आशीष शुक्ला द्वारा दो माह के श्रावण माह के विषय में सवाल पूछा गया। जिसके जवाब में पंडित लोकेश व्यास द्वारा बताया गया कि सनातनी पंचांग चंद्र मास और सौर मास के आधार पर वर्ष की गणना होती है। जिसमें चंद्र मास 354 दिन का और सौर मास 365 दिन 6 घंटे का होता है। ऐसे में हर साल 11 दिन का अंतर आता है और तीन साल के बाद यह अंतर 33 दिन का हो जाता है। जिससे हर तीन साल में एक अतिरिक्त माह तैयार हो जाता है। जिससे अधिमास, मलमास या फिर पुरुषोत्तम मास कहा जाता है। इस बार यह पुरुषोत्तम मास ज्योतिष गणना के आधार पर श्रावण मास के साथ आ रहा है जिसके चलते इस बार श्रावण दो माह का रहेगा और इसमें चार की बजाए आठ सोमवार होंगे। जिसमें भोलेनाथ की भक्ति की जा सकती है और उन्हें विधि विधान से पूजन अर्चन कर के प्रश्न किया जा सकता है। चर्चा के दौरान बताया गया जी कार्तिक मास में पूजन अर्चन करने से जो पुण्य लाभ होता है उससे हजार गुना अधिक पुण्य लाभ पुरुषोत्तम मास में पूजन अर्चन का है। ऐसे में पुरुषोत्तम मास का श्रावण मास के साथ आना बहुत ही लाभकारी है।

# निर्माणाधीन बिल्डिंग से गिर कर मजदूर की मौत

**जबलपुर, यशभारत।** मदन महल थाना अंतर्गत प्रेम मंदिर के पास एक निर्माणाधीन मकान से मजदूर की गिरने से मौत हो गई। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर लिया है और शव को मेडिकल के लिए रवाना कर दिया है।



## ये है मामला

बस स्टैंड पुलिस चौकी प्रभारी नितिन पांडे ने बताया कि प्रेम मंदिर के पास प्रमोद खंडेलवाल की बिल्डिंग का निर्माण कार्य चल रहा है,सुबह थाने से सूचना मिली कि इस बिल्डिंग में पाटन निवासी आष्तिक ठाकुर जो कि मजदूरी का काम कर रहा था उसकी बिल्डिंग से गिर कर मौत हो गई है। जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले को जांच में ले लिया गया है और सभी तथ्यों में जांच प्रारंभ कर दी गई है।पाटन निवासी मृतक कुछ ही दिन पहले पाटन से शहर मजदूरी करने आया था।

# अंधेरे में 20 फीट गहरे गड्ढे में बाइक सहित गिरा युवक



## अधारताल पुलिस कर्मियों ने बाहर निकालकर बचाई जान

**जबलपुर,यशभारत।** अधारताल इंडियन कॉफी हाउस के सामने पुलिया निर्माण कार्य के दौरान तेज बारिश में बीती देर रात करीब 12.30 बजे 35 वर्षीय युवक बाइक सहित 20 फीट गहरे गड्ढ़े में गिर गया जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलने के बाद तत्काल मौके पर पहुंचे अधारताल थाना के पुलिस कर्मियों ने मानवता की मिशाल पेश करते हुए गड्ढे में गिरे युवक को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकालते हुए उसकी जान बचाई। और फिर उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया। जानकारी के अनुसार एग्रीकल्चर कॉलेज के पास अधारताल से सुहागी जाने वाले मार्ग पर रोड निर्माण का कार्य और पुलिया निर्माण का कार्य किया जा रहा है। अधारताल टीआई शैलेष मिश्रा ने बताया कि पिछले दिनों हुई जोरदार बारिश से अधारताल इंडियन कॉफी हाउस के सामने की पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई थी और उसमें पानी भर गया था जिसके बाद से नगर निगम द्वारा वहां दूसरी पुलिया का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसी दौरान वहां एक 20 फीट का गहरा गड्ढ़ा था जहां अंधेरे के वक्त बाइक सवार युवक गिर गया। सूचना के बाद युवक को गड्ढे से बाहर निकाला गया।

# पत्थर से मारने वाले युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार


## सोशल मीडिया में वायरल हत्या की बात निकली झूठी



**जबलपुर, यशभारत।** सोशल मीडिया में एक वीडियो सुबह से लगातार वायरल हो रहा है जिसमें की 4 युवकों का एक झुंड खड़ा हुआ है और पीछे से एक युवक ने दूसरे युवक को ईट से सर पर मार दिया जिसके बाद वीडियो में युवक गिर जाता है। मामले की तफ्तीश करने के उपरांत यह बात सामने आएगी रांझी थाना अंतर्गत चार युवक शोभापुर फाटक के पास खड़े हुए थे जहां पर अनिल चक्रवर्ती व शुभम पटेल ने करन कोल को पत्थर से मार दिया जिसके बाद युवक तुरंत घायल हो गया है। आरोपी अनिल और शुभम करन को शराब पीने के लिए पैसों की बार-बार मांग कर रहे थे। पैसे ना देने के कारण दोनों आरोपियों ने युवक को सर पर पत्थर से वार कर दिया जिसके बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ 327 धारा के तहत मामला कायम कर लिया है।

























































स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स 68/1 लक्ष्मीपुर, विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक राजीव उपाध्याय, संपादक अम्बरीष तिवारी*, सलाहकार संपादक श्याम कटारे RNI No. MPHIN/2007/18675। फोन-2643333 email - jabalpur@yashbharat.com। (*पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)